RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से खबरें

स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 38 | जयपुर गुरूवार, 06 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

▶ विपक्षी दल बिल के विरोध में, कहा– दोनों मुद्दों पर व्यापक सहमति जरूरी

तीन दिवसीय विशेष सत्र में परिसीमन महिला आरक्षण बिल लाने की तैयारी

16 अगस्त से शुरू हो सकता है यह विशेष सत्र, मोदी सरकार फिलहाल संसद में आवश्यक संख्या बल व राजनीतिक समीकरणों का आकलन करने में जुटी

● नई दिल्ली

मानसून सत्र समाप्त होने के बाद केंद्र सरकार 16 से 18 अगस्त तक, 3 दिवसीय संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार कर रही है। सूत्रों के हवाले से यह खबर सामने आ रही है। हालांकि, यह फैसला आवश्यक संख्या बल और सहयोगी दलों के समर्थन की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। सरकार फिलहाल राजनीतिक समीकरणों का आकलन करने में जुटी है। संभावित विशेष सत्र का मुख्य एजेंडा लोकसभा सीटों के पुनर्गठन यानी परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े विधेयकों पर चर्चा करना हो सकता है।

सरकार इन महत्वपूर्ण विधेयकों पर संसद में व्यापक बहस कर उन्हें पारित कराने का प्रयास कर सकती है। इन दोनों मुद्दों को आगामी राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सरकार सहयोगी दलों और अन्य राजनीतिक दलों का समर्थन सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है ताकि विशेष सत्र के दौरान विधेयकों को पारित कराने में कोई बाधा न आए। इसके लिए लगातार राजनीतिक स्तर पर बातचीत और रणनीति बनाई जा रही है। दूसरी ओर कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दल परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े प्रस्तावित कदमों का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक सहमति और विस्तृत चर्चा जरूरी है। ऐसे में विशेष सत्र के दौरान इन विषयों पर तीखी राजनीतिक बहस देखने को मिल सकती है।

एनडीए के राज्यसभा सांसदों के साथ पीएम मोदी ने की बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राज्यसभा के 36 एनडीए सांसदों से मिले। इसमें हाल ही में दूसरी पार्टी से बीजेपी या एनडीए में आए सांसद भी शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक पीएम ने सांसदों से कहा कि दिल्ली के मकड़जाल में नहीं फंसना है। पीएम ने सांसदों से कहा कि दिल्ली में आप किससे मिलते हैं, किसके साथ बैठते हैं, इसका ख्याल रखें। लेटर हेड का इस्तेमाल आप कैसे करते हैं और कैसा बर्ताव करते हैं, इसका पूरा ख्याल रखें। पीएम ने कहा कि टेक्नोसॉजी के फायदे हैं तो नुकसान भी है। सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानी से और गरिमापूर्वक तरीके से करना है। पीएम ने कहा कि सदन के अंदर की एंजाइटी को बाहर लेकर ना जाए। क्योंकि हाउस में कई बार ऐसा माहौल होता है कि एंजाइटी होती है, उसे अपने साथ कैरी नहीं करना है। उन्होंने कहा कि नाराज होकर बोलने या गुस्सा होकर चिल्लाने की जरूरत भी नहीं है। आप सब को पार्टी लाइन पता है और हर मुद्दों पर आराम से अपनी बात रखें। साथ ही कहा कि किसी को भी टीवी पर कुछ भी ट्रैश नहीं बोलना चाहिए।

रिजिजू ने राहुल गांधी और प्रियंका से की मुलाकात

संसद का गतिरोध समाप्त करने के लिए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और उनसे पार्लियामेंट की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए मदद मांगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राहुल गांधी ने रिजिजू से स्पष्ट कहा कि सदन में गृह मंत्री के बयान के बिना कार्यवाही नहीं चलेगी। रिपोर्ट के अनुसार, विपक्षी दलों के नारेबाजी के बीच लोकसभा की बैठक शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर स्थगित होने के तुरंत बाद रिजिजू ने राहुल गांधी से उनके कक्ष में मुलाकात की। रिजिजू ने परिसीमन विधेयक और महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर कांग्रेस का सहयोग मांगा, जिसे सरकार मौजूदा सत्र में फिर से पेश करने के लिए उत्सुक है। हालांकि, राहुल गांधी ने सरकार के इस अनुरोध को सिरे से खारिज कर दिया। राहुल गांधी ने किरेन रिजिजू से कहा कि राम मंदिर में कथित दान चोरी पर चर्चा और राजधानी में 20 जुलाई के विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बिना सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी। रिजिजू और राहुल गांधी के बीच करीब 50 मिनट तक बैठक चली। बैठक के दौरान प्रियंका गांधी भी मौजद रहीं।

कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय में छात्राओं से संवाद

सीएम की सीखः मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास तय करती है मंजिल

मुख्यमंत्री ने निभाई मास्टर ट्रेनर की भूमिका, विद्यार्थियों को दिये सफलता के टिप्स, कहा– आज का विद्यार्थी ही कल का भारत है

● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की वह कुंजी है, जो विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती है। आज इन युवाओं के चेहरों पर ही मुझे भारत का उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को टी.टी. नगर स्थित कमला नेहरू सांदीपनि शासकीय कन्या विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों के साथ आयोजित आत्मीय संवाद कार्यक्रम में कही।

इस संवाद के दौरान सीएम मास्टर ट्रेनर की भूमिका में नजर आए। उन्होंने छात्राओं को सफलता के अनमोल टिप्स दिए और भरोसा दिलाया कि आज का विद्यार्थी ही कल का भारत है। विद्यार्थियों के हर सपने को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवा वर्ग की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अमृतकाल की यह युवा पीढ़ी ही प्रदेश और देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। आज के युवा देश की अमृत पीढ़ी हैं, देश के नवनिर्माता हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना युवा वर्ग मिलकर ही पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं, लायब्रेरी, संगीत कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का मुआयना किया। विद्यालय की बालिकाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पौधा भेंटकर स्वागत किया।

मैं भी ऐसे ही सरकारी विद्यालय में पढ़ा हूं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मैं भी ऐसे ही किसी सरकारी विद्यालय में ही पढ़ा हूं। हमारे समय में स्कूलों में इतनी सुविधाएं नहीं होती थीं। भारत को अपनी शिक्षा व्यवस्था और ज्ञान के बल पर विश्व में सम्मान मिलता है। भारत का अर्थ है कि जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने में लीन हो। इसी प्रकार गुरु भी हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं। भारतीय संस्कृति जियो और जीने दो, वसुधैब कुटुम्बकम की संस्कृति है।

छात्रों ने बाल कैबिनेट की दी जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय में संचालित बाल कैबिनेट की जानकारी दी। डॉ. यादव ने छात्राओं से बाल कैबिनेट की मीटिंग्स, कार्यकाल की अवधि, चयन प्रक्रिया और व्यवस्थाओं के संचालन के बारे में भी चर्चा की।

मेटा फाउंडर जुकरबर्ग ने सरकार से माफी मांगी

माना पैसे लेकर प्रमोट किए थे चाइल्ड एब्यूज के कुछ खास तरह के कंटेंट

पीएम मोदी का वीडियो हटाने पर मार्क जुकरबर्ग ने मांगी माफी

● नई दिल्ली / आरएनएन



प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट हटाने और चाइल्ड एब्यूज के कुछ खास तरह के कंटेंट प्रमोट करने पर फेसबुक-इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप चलाने वाली कंपनी मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने भारत सरकार से माफी मांग ली है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि बुधवार को मेटा के चीफ ग्लोबल अफेयर्स ऑफिसर जोएल कैपलन और कंपनी के कई बड़े अधिकारी आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के सामने पेश हुए।

सेफ हार्बर क्या है?

सेफ हार्बर आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली वह कानूनी सुरक्षा है, जिसके कारण फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स या यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूज़र्स द्वारा पोस्ट किए गए कंटेंट के लिए प्लेटफॉर्म को सीधे जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता। यह सुरक्षा तभी मिलती है, जब प्लेटफॉर्म सिर्फ एक इंटरमीडियरी यानी माध्यम की भूमिका निभाए और कानून का पालन करे, लेकिन अगर कोई प्लेटफॉर्म खुद कंटेंट को चुनने, बढ़ावा देने, मॉडरेट करने या उसकी पहुंच तय करने में सक्रिय भूमिका निभाता है, तो सरकार यह तर्क दे सकती है कि उसे सेफ हार्बर का संरक्षण नहीं मिलना चाहिए और उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

बैंकों के डिजिटल रिकार्ड भी अब माने जाएंगे सबूत

बैंकर्स बुक्स एविडेंस बिल, 2026 लोकसभा से पास

● नई दिल्ली

यह विधेयक 125 साल पुराने कानून की जगह लेगा

बैंकों में रखे जाने वाले डिजिटल रिकार्ड को भी आने वाले दिनों में बतौर सबूत अदालतों में पेश किया जा सकेगा। अभी देश में जो कानून है, उसके मुताबिक बैंकों के कागजी रिकार्ड ही सबूत माने जाते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में बैंकर्स बुक्स एविडेंस बिल, 2026 पेश किया था। बुधवार 5 अगस्त को लोकसभा ने इसे मंजूरी दे दी। यह बिल 125 साल पुराने बैंकर्स बुक्स एविडेंस एक्ट, 1891 की जगह लेगा।

इसका मुख्य मकसद देश के तेजी से बदलते डिजिटल बैंकिंग सिस्टम को कानूनी सुरक्षा और मान्यता देना है। दोपहर 2 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, विपक्षी सांसदों ने अलग-अलग मुद्दों पर नारेबाजी जारी रखी। भारी हंगामे और शोर-शराबे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बिल को विचार और पास कराने के लिए सदन के सामने रखा, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक का उद्देश्य है डिजिटल बैंकिंग के दौर में बैंक रिकार्ड को अदालती सबूत के रूप में आसानी से स्वीकार करने का आधुनिक और तकनीक आधारित कानूनी ढांचा तैयार करना।

सरकारी फार्मासिस्ट पर रेड इंदौर में मिली अकूत संपत्ति

ईओडब्ल्यू ने मारा छापा, राकेश गोरखे के निवास से करीब 6 अचल संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले

● इंदौर / आरएनएन

बिना विभागीय अनुमति के थाइलैंड भी जा चुका है

ईओडब्ल्यू यानी आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने बुधवार को एमवाय अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर पदस्थ राकेश गोरखे के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापा मारा है। शुरुआती जांच में गोरखे के पास आय से अधिक संपत्ति और शासन को करोड़ों की अनुपातहीन अचल संपत्ति का खुलासा हुआ है।

छापे में मिली संपत्ति

- वृंदावन गार्डन, में 1000 वर्गफीट पर दो मंजिला मकान
- 44, संघवी रेसीडेंसी में 2337 वर्गफीट का प्लाट
- बडिया कीमा इंदौर में 1571 वर्गफीट का प्लॉट
- साकार एनआरआई सिटी में 8000 वर्गफीट का प्लॉट
- साहिल इन्द्रां चल होम्स में 1302 वर्गफीट का प्लॉट

राकेश ने डीन के पीए से मारपीट की थी

राकेश गोरखे का पहले भी विवादों से नाता रहा है। उसने डीन के पीए से भी विवाद के बाद मारपीट की थी। इस घटना के बाद कॉलेज प्रबंधन ने राकेश गोरखे को निलंबित कर शासकीय मनोरोग अस्पताल, बाणगंगा में अटैच कर दिया था। फिलहाल ईओडब्ल्यू की जांच जारी है और बरामद दस्तावेजों के आधार पर संपत्तियों तथा वित्तीय लेन-देन की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद इस मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

छात्रों से संवाद करें, इनपर बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने खींची लकीर, कहा– सबसे बड़ी ताकत लोगों की बात सुनना है

● नई दिल्ली / आरएनएन

दिल्ली में स्टुडेंट प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस कार्रवाई से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को इस मुद्दे से संबंधित अन्य लंबित मामलों के साथ जोड़ दिया।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण मार्च और प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों को भी संयम बरतना चाहिए। अदालत ने कहा कि अफसरों को बेहद सावधानी से कदम उठाने की जरूरत है, ताकि युवा हिंसा की ओर न बढ़ें। सीजेआई ने कहा, हिंसक प्रतिक्रिया देने से स्थिति और बिगड़ेगी। सबसे बड़ी ताकत लोगों की बात सुनना है, यह समझना कि वे क्या कह रहे हैं और किस वजह से आंदोलन कर रहे हैं।

युवाओं को काउंसलिंग, मार्गदर्शन की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि युवा प्रदर्शनकारियों को आक्रामक रवैये की नहीं, बल्कि सलाह, मार्गदर्शन और काउंसलिंग की जरूरत है। अदालत ने कहा, ये युवा हैं। इन्हें काफी परामर्श और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। पीठ ने यह भी कहा कि शक्तिशाली राज्य के नाम पर दूसरी ओर से दिखाई गई आक्रामकता भी अनावश्यक रूप से स्थिति को और गंभीर बना सकती है तथा आगे हिंसा को जन्म दे सकती है। इससे बचना चाहिए।

फैक्ट्री में केमिकल लीक से 3 मजदूरों की गई जान

बेंगलुरू, आरएनएन। कर्नाटक के यादगिरी जिले के कडेचूर-बडियाल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फैक्ट्री में केमिकल लीक होने से दम घुटने के कारण 3 मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तेलंगाना के महबूबनगर निवासी कटला गणेश और मध्य प्रदेश

इनमें दो मजदूर मप्र और एक तेलंगाना का निवासी

के कटनी निवासी विक्रम सिंह गोंडा और संजय सिंह गोंडा के रूप में हुई है। हादसे में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के रहने वाले मंचला हेमंत और मंचला शिवकुमार घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने सैदापुर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद एहतियात के तौर पर फैक्ट्री का काम फिलहाल बंद कर दिया गया है।

यादगार ड्रेस 79वें कान्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मॉडर्न और स्टाइलिश आउटफिट में पहुंची ऐश्वर्या राय बच्चन

600 घंटे में तैयार हुआ था 7,000 मोती वाला ऐश्वर्या का गाउन

● नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक ऐश्वर्या राय बच्चन न सिर्फ दमदार अदाकारी बल्कि अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती है। 52 साल की उम्र में भी अभिनेत्री बेहद खूबसूरत लगती हैं।

साल 2002 में फिल्म देवदास के प्रीमियर के साथ कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने से लेकर पिछले साल मनीष मल्होत्रा की बनारसी साड़ी में नजर आने तक, ऐश्वर्या राय बच्चन ने हमेशा अपनी खूबसूरती और शालीन अंदाज से फ्रेंच रिवेरा में लोगों का दिल जीता है। इस वक्त अभिनेत्री अपनी एक ड्रेस को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस साल 79वें कान्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में जब ऐश्वर्या राय बच्चन पारंपरिक भारतीय रेड कार्पेट लुक से अलग हटकर मॉडर्न और स्टाइलिश आउटफिट में पहुंची तो हर किसी की नजरें उन पर टिकी रह गई। उनके ड्रेस को स्टाइलिस्ट मोहित राय ने तैयार किया था।

क्या थी ड्रेस की खासियत

ऐश्वर्या राय बच्चन इस सफेद कार्सेट स्टाइल गाउन बेहद स्टनिंग लग रही हैं। इंस्टाग्राम पर साझा की गई जानकारी के अनुसार इसे बनाने में 7,000 से ज्यादा मोतियों का इस्तेमाल हुआ था। साथ ही करीब 40 मिटर सिल्क टैफेटा कपड़े का उपयोग और 600 घंटे (करीब 25 दिन) की बारीक कारीगरी लगी। डिजाइनर के अनुसार, यह ऐसा गाउन है जिसे हाथ की महीन कारीगरी और आधुनिक डिजाइन का खूबसूरत मेल देखने को मिलता है। अभिनेत्री के इस लुक को स्टाइलिस्ट मोहित राय, चिंतन शाह और तरंग अग्रवाल ने मिलकर तैयार किया। उन्होंने गाउन की फिटिंग इस तरह रखी कि ऐश्वर्या का लुक बेहद आकर्षक लगे। इसके साथ ही उन्होंने सफेद रंग का रफल्स वाला फ्लोई केप भी कैरी किया, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन की खूबसूरती में चार चांद उनका इस लुक के साथ हेयरस्टाइल लगा रहा है। अभिनेत्री ने साइड पार्टिंग के साथ हल्के कर्ल्स हेयरस्टाइल रखा है। इसके साथ उन्होंने आंखों में हल्का आईलाइनर, गालों पर ब्लश और होंठों पर हल्की गुलाबी लिपस्टिक के साथ डायमंड डैंगलर ईयरिंग्स और अंगूठियों से अपने लुक को पूरा किया है।

अप्रैल 2027 से देश में चलेंगे प्लास्टिक के नोट

आरबीआई ने कहा– 10 और 20 के नोटों से होगी शुरुआत

● नई दिल्ली / आरएनएन

पिछले कुछ दिनों से भारत में प्लास्टिक के नोटों को लेकर बड़ी चर्चा है। लेकिन, सवाल है कि देश में प्लास्टिक के नोट आएंगे कब? इसका जवाब रिजर्व बैंक के गवर्नर ने दे दिया है। आरबीआई मॉनेटरी पॉलिसी की घोषणा के बाद मीडिया से बात करते हुए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो अगले फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत में पॉलिमर नोट चलन में आ जाएंगे। भारत में पिछले कुछ सालों में करेंसी का स्वरुप लगातार बदला है। नोट के डिजाइन से लेकर सिक्योरिटी तक भारत में मुद्रा पर काफी काम हुआ है, और अब इसी कड़ी में देश के अंदर प्लास्टिक के नोट लाने की तैयारी की जा रही है।

जलदाय विभाग का 'विकास' बना मुसीबत, खोदी सड़कें अब दे रहीं हादसों को न्योता

पाइपलाइन बिछाकर मरम्मत करना भूला ठेकेदार; बारिश में गड्ढे-खाइयों में भरा पानी, वाहन चालकों से लेकर स्कूली बच्चों तक की बढ़ी परेशानी

स्मार्ट हलचल

अलकेश पारीक जहाजपुर। शहर में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें अब आमजन के लिए परेशानी के साथ हादसों का खतरा बनती जा रही हैं। जलदाय विभाग के ठेकेदार ने कई गली-मोहल्लों में पाइपलाइन डालने के लिए सड़कें खोद दीं, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद उन्हें पूर्व स्थिति में दुरुस्त नहीं कराया। बारिश के दौर में यही अधूरी सड़कें कीचड़, गड्ढों और

खाइयों में तब्दील हो गई हैं। नगर के बुर्ज बाबा, बस स्टैंड, कीर मोहल्ला, कालू बाबा मंदिर सहित कई क्षेत्रों में हालात खराब हैं। पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं होने से कई स्थानों पर बने गड्ढे और खाइयां बारिश के पानी से भर गई हैं। पानी भरा होने के कारण वाहन चालकों को इनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटना का शिकार होने का खतरा बना हुआ है।

स्कूली बच्चों और बुजुर्गों की राह भी मुश्किल

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। कीचड़ और पानी से भरे रास्तों से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल राहगीरों को संभलकर गुजरना पड़ रहा है। कई स्थानों पर सड़क का हिस्सा इतना खराब हो चुका है कि वाहन निकालना भी मुश्किल हो रहा है। लोगों को आशंका है कि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो किसी दिन गंभीर हादसा हो सकता है।

पाइपलाइन बिछा दी, सड़क सुधारने की जिम्मेदारी किसकी?

नगरवासियों का आरोप है कि पाइपलाइन का काम पूरा करने के बाद सड़क को पूर्व स्थिति में बहाल करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। ठेकेदार की लापरवाही के साथ विभागीय निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब सड़क खोदकर छोड़ दी जाती है तो इसका खामियाजा आखिर आम जनता को क्यों भुगतना पड़े?

हादसे से पहले जागे विभाग, तत्काल हो मरम्मत

नगरवासियों ने जलदाय विभाग और प्रशासन से मांग की है कि जिन स्थानों पर पाइपलाइन का कार्य पूरा हो चुका है, वहां तत्काल सड़क की मरम्मत कराकर गड्ढों और खाइयों को दुरुस्त कराया जाए। साथ ही कार्य में लापरवाही सामने आने पर संबंधित ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाए, ताकि बरसात के दौरान किसी बड़े हादसे से पहले शहरवासियों को राहत मिल सके।

राजेंद्र मार्ग विद्यालय में शंख ध्वनि के साथ गूंजा स्वदेशी का संदेश

'मैं भी स्वदेशी का समर्थक' अभियान का हुआ भव्य शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र मार्ग, भीलवाड़ा में स्वदेशी जागरण मंच भीलवाड़ा की ओर से संचालित स्वावलंबी अभियान 'मैं भी स्वदेशी का समर्थक' का भव्य शंखनाद शंख ध्वनि के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने स्वदेशी जागरण मंच के सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं अतिथियों का पारंपरिक रूप से उपरना ओढ़ाकर भावभीना स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा.ल.व. कॉलेज के प्राचार्य भगवती लाल जागेटिया ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और राष्ट्र को स्वावलंबी बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संत सानिध्य प्रदान करते हुए परम पूज्य श्री मनोरथ राम जी महाराज (आलोट, रतलाम, मध्य प्रदेश) ने स्वदेशी भावना पर विचार व्यक्त करते हुए हिंदू-मुस्लिम सद्भावना और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सनातन सिद्धांत पर बल दिया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए स्वदेशी जागरण मंच, चित्तौड़ प्रांत के प्रांत सह संयोजक डॉ. देवीलाल साहू ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से सभी में देशभक्ति का संचार किया और उपस्थित जनसमूह को स्वदेशी उत्पाद अपनाने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच, चित्तौड़ प्रांत के प्रांत पर्यावरण प्रमुख महेश नवहाल, प्रांत सह संयोजक ज्योति वर्मा एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री रोशन लाल पितलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अंकित उपाध्याय, प्राध्यापक राजेश कुमार शर्मा, सुरेंद्र सिंह चौहान, धीरज जोशी, विक्रम चौधरी सहित स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी त्रिलोक श्रोत्रिय, अनुज कुमार नवहाल, लादू लाल खोईवाल, श्यामलाल डोलिया तथा अन्य पदाधिकारी, सम्मानित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र गरिमामयी उपस्थिति में मौजूद रहे। कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी एवं मीडिया कवरेज प्राध्यापक सत्येंद्र माली द्वारा प्रदान की गई।

6 तकनीकी कार्मिक हटे तो चरमराई बिजली व्यवस्था, AVVNL के खिलाफ फूटा जनाक्रोश

बापूनगर सब-डिवीजन में लाइनमैनों की कमी से बढ़े फॉल्ट, जनहित में रिलीव आदेश रद्द करने की मांग

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी) शहर-द्वितीय बापूनगर सब-डिवीजन से 6 तकनीकी कार्मिकों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के रिलीव किए जाने से बिजली व्यवस्था प्रभावित होने का मामला गरमा गया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा, गणेश मंडल और राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने मुख्य अधीक्षण अभियंता ओ.पी. खटोड़ के माध्यम से AVVNL के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपकर रिलीव आदेश तत्काल निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि बरसात के मौसम में फॉल्ट और ट्रांसफार्मर खराब होने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जबकि लाइनमैनों की कमी से घंटों बिजली गुल रहने लगी है। इससे आमजन, किसान और विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर, पूर्व महापौर राकेश पाठक ने भी AVVNL के प्रबंध निदेशक से फोन पर बात कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की, जिस पर सकारात्मक आश्वासन मिला।

20 साल का इंतजार खत्म, जहाजपुर को मिला 3 करोड़ का आधुनिक खेल स्टेडियम

मंत्री खराड़ी ने किया लोकार्पण; विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयासों से DMFT फंड से हुआ निर्माण, अब स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर

स्मार्ट हलचल

अलकेश पारीक जहाजपुर। करीब दो दशक से आधुनिक खेल स्टेडियम की राह देख रहे जहाजपुर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का सपना बुधवार को साकार हो गया। भगतों की झोपड़ियां रोड पर बस स्टैंड के समीप करीब 3 करोड़ रुपए की लागत से तैयार आधुनिक खेल स्टेडियम का जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने विधायक एवं भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा की मौजूदगी में लोकार्पण किया। विधायक मीणा के प्रयासों से डीएमएफटी फंड से तैयार स्टेडियम में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो और क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों के लिए मैदान एवं ट्रैक विकसित किए गए हैं। खिलाड़ियों के लिए महिला-पुरुष अलग-अलग टॉयलेट, ग्रीन रूम तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। दर्शकों के लिए छायादार सीढ़ीनुमा बैठक व्यवस्था और आकर्षक मुख्य प्रवेश द्वार बनाया गया है। स्टेडियम बनने से जहाजपुर नगर के साथ

आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों और स्थानीय खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास एवं खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। लंबे समय से खेल सुविधाओं की कमी झेल रहे क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए यह स्टेडियम नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। लोकार्पण समारोह में उपखंड अधिकारी छत्रपाल सिंह, तहसीलदार अमितेश मीणा, प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा, चेयरमैन नरेश मीणा सहित भाजपा कार्यकर्ता, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

एक नजर में नया स्टेडियम

3 करोड़ – स्टेडियम निर्माण की अनुमानित लागत

20 साल – क्षेत्रवासियों की पुरानी मांग हुई पूरी

4 प्रमुख खेल – बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो और क्रिकेट की सुविधा

खिलाड़ियों के लिए – ग्रीन रूम व महिला-पुरुष अलग टॉयलेट

दर्शकों के लिए – छायादार सीढ़ीनुमा बैठक व्यवस्था

फायदा – जहाजपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मिलेगा बेहतर मंच

राजस्थान बार काउंसिल चुनाव में सुरेशचंद्र श्री माली की लगातार पांचवीं जीत, भीलवाड़ा में अधिवक्ताओं ने किया भव्य स्वागत

जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में वकीलों और शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं से किया अभिनंदन, जीत को अधिवक्ताओं के विश्वास की मुहर बताया

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा (जम) राजस्थान बार काउंसिल चुनाव में लगातार पांचवीं बार विजयी होने पर कांग्रेस नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेशचंद्र श्री माली का भीलवाड़ा पहुंचने पर अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जिला बार एसोसिएशन परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में उन्हें फूल-मालाओं से लादकर जीत की बधाई दी गई। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, विधि व्यवसाय से जुड़े लोग एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने सुरेशचंद्र श्री माली की लगातार पांचवीं जीत को अधिवक्ता समुदाय के विश्वास और उनकी सक्रिय कार्यशैली की जीत बताया। स्वागत समारोह के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने कहा कि बार काउंसिल में श्री माली का अनुभव और नेतृत्व प्रदेशभर के अधिवक्ताओं के हितों की मजबूती से आवाज उठाता रहा है। वहीं सुरेशचंद्र श्री माली ने सभी अधिवक्ताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी अधिवक्ताओं के अधिकारों, कल्याण और न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बार परिसर में उत्साह का माहौल रहा और समर्थकों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाया।

सर्विस रिवॉल्वर की गोली से घायल सदर थाना प्रभारी लोकपाल सिंह जिंदगी की जंग हार गए

पुलिस महकमे में शोक की लहर

स्मार्ट हलचल

उदयपुर में उपचार के दौरान तोड़ा दम; कर्तव्य पर जाने की तैयारी के बीच हुआ हादसा, पूरे जिले में गम का माहौल

भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)भीलवाड़ा पुलिस महकमे के लिए बुधवार का दिन बेहद दुखद साबित हुआ। शहर के सदर थाना प्रभारी लोकपाल सिंह (38) ने उदयपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। मंगलवार शाम सर्विस रिवॉल्वर से चली गोली उनकी कनपटी में लगने के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में पहले भीलवाड़ा और फिर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उदयपुर रेफर किया गया था। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने के हरसंभव प्रयास किए, लेकिन बुधवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम

लोकपाल सिंह नाकाबंदी ड्यूटी के लिए घर पर वर्दी पहनकर तैयार हो रहे थे। इसी दौरान उनकी सर्विस रिवॉल्वर से अचानक गोली चल गई, जो उनकी कनपटी में जा लगी। गोली लगते ही परिजनों और पुलिसकर्मियों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। महात्मा गांधी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर करीब 157 किलोमीटर दूर उदयपुर के अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। लोकपाल सिंह अपने कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और सौम्य स्वभाव के कारण पुलिस महकमे में अलग पहचान रखते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आमजन ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत अधिकारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद घटना के बाद पूरे जिले में शोक का माहौल है। पुलिस विभाग आवश्यक कानूनी एवं विभागीय प्रक्रिया पूरी कर रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गोली चलने की परिस्थितियों की जांच भी जारी है।

श्रद्धांजलि:- 'कर्तव्य की वर्दी पहनकर ड्यूटी पर निकलने की तैयारी थी, लेकिन नियति ने एक समर्पित पुलिस अधिकारी को हमेशा के लिए हमसे छीन लिया।'

भेड़-बकरी व्यापारियों के लिए बड़ी राहत

व्यापारियों के लंबे संघर्ष की जीत, राजस्थान सरकार ने गुजरात-महाराष्ट्र को लिखा पत्र

स्मार्ट हलचल

आकोला (रमेश चंद्र डाड) राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग ने भेड़-बकरी पालकों एवं व्यापारियों के हित में महत्वपूर्ण पहल करते हुए गुजरात एवं महाराष्ट्र सरकार को पत्र भेजा है। यह कार्रवाई ऑल इंडिया शीप एंड गोट्स ब्रीडर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन द्वारा लगातार उठाई गई शिकायतों और लंबे संघर्ष के बाद हुई है। एसोसिएशन ने शिकायत में बताया था कि राजस्थान से गुजरात और महाराष्ट्र की विभिन्न मंडियों - सूरत, वापी, देवनार आदि में वैध रूप से भेड़-बकरियों का परिवहन करने वाले व्यापारियों को कई स्थानों पर PCA Act के नाम पर रोका जाता है। साथ ही कथित अवैध वसूली की जाती है तथा न्यायालय के आदेशों के बावजूद कुछ मामलों में जब्त पशु मालिकों को वापस नहीं दिए जाते। इससे पशुपालकों और व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राजस्थान के प्रमुख शासन सचिव श्री विकास सीतारामजी भाले (IAS) ने महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर संबंधित जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, ताकि वैध व्यापार करने वाले पशुपालकों एवं व्यापारियों का अनावश्यक उत्पीड़न रोका जा सके। साथ ही संयुक्त शासन सचिव श्री दिनेश कुमार जांगिड़ ने राजस्थान के पशुपालन विभाग को निर्देश दिए हैं कि अंतर्राज्यीय पशु परिवहन के लिए Schedule-J फिटनेस प्रमाण पत्र नियमानुसार एवं समय पर जारी किए जाएं, ताकि वैध व्यापार में किसी प्रकार की बाधा न आए। इस संघर्ष में असलम सदर साहब मुंबई, मुन्ना भाई दलाल जयपुर, शान्ति लाल बडलियास, प्रभु लाल बारां, राजू बावलास, जगदीश गेंदलिया, प्रेमचंद आमल्दा, कैलास भिचोर, कैलाश पारसोली, पारस बीगोद, गोटू मंगरोप, उदय लाल बनेड़ा, पुरणमल कपासन, रमेश चंद्र, शंकर लाल, रंगलाल तुर्किया, कमलेश कुमार मेहन्द्रगढ़, राजू पहाड़िया बडलियास शामिल हैं।

कोटड़ी ब्लॉक में नवनियुक्त शिक्षा अधिकारियों व एनआईएस प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षक का किया सम्मान

शारीरिक शिक्षकों ने किया स्वागत, खेल एवं विभागीय कार्यों में ब्लॉक को जिले में अग्रणी बनाने का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

कोटड़ी कोटड़ी। प्रारंभिक जिला शिक्षा शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र खटीक (कोदिया) के सानिध्य में कोटड़ी ब्लॉक के नवनियुक्त सीबीईओ जगदीशनारायण मीणा, एसीबीईओ कल्पना कुर्मी, आरपी प्रहलाद त्रिपाठी, जीवन कुमार जाट तथा हाल ही में बेंगलुरु से एनआईएस कबड्डी का प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे शारीरिक शिक्षक श्योराज गुर्जर का ब्लॉक के शारीरिक शिक्षकों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सीबीईओ जगदीशनारायण मीणा ने शारीरिक शिक्षकों से खेल गतिविधियों में कोटड़ी ब्लॉक को जिले में प्रथम स्थान पर पहुंचाने तथा विभाग द्वारा सौंपे गए सभी कार्यों को निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि टीम भावना एवं समन्वय से कार्य करते हुए ब्लॉक को नई पहचान दिलाई जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान एसीबीईओ कल्पना कुर्मी का स्वागत अन्नू खटीक एवं सुनीता खटीक ने किया। वहीं ब्लॉक के सभी शारीरिक शिक्षकों ने एक स्वर में विभागीय गतिविधियों एवं खेल प्रतियोगिताओं में कोटड़ी ब्लॉक को जिले में अग्रणी बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में कृष्णगोपाल पाराशर, जगदीश चंद्र कष्ट, शांतिलाल लक्षकार, राजूलाल खटीक, सुरेश बाबेल, शंकर रैदास, रमन पहाड़िया, जमनालाल तेली, किशन धाकड़, नितेश गारू, इमरान खान, अनिल बैरवा, दीपक कोली, शुभम सोनी, मुकेश तेली सहित बड़ी संख्या में शारीरिक शिक्षक एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

पंचायत की अनदेखी: रोपा की सड़कों पर कीचड़, रास्तों में बबूल की झाड़ियां; सावन में श्रद्धालुओं की राह भी मुश्किल

कोटड़ी चारभुजानाथ की पदयात्राएं लगातार गुजर रहीं, कीचड़ से होकर निकलने को मजबूर श्रद्धालु; ग्रामीण बोले- सफाई तक नहीं करा पा रही पंचायत

स्मार्ट हलचल

अलकेश पारीक जहाजपुर। ग्राम पंचायत रोपा में बारिश के बीच साफ-सफाई और रास्तों के रखरखाव की अनदेखी अब आमजन के साथ श्रद्धालुओं के लिए भी परेशानी बन गई है। मुख्य सड़क सहित कस्बे के कई हिस्सों में कीचड़ और गंदगी पसरी हुई है, जबकि सड़क किनारे उगी कांटेदार बबूल की झाड़ियां रास्ते तक आ गई हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को संभलकर निकलना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रशासन की उदासीनता के कारण समय पर साफ-सफाई और झाड़ियों की कटाई नहीं हो रही है। बारिश के बाद मुख्य मार्ग पर जमा कीचड़ ने स्थिति और खराब कर दी है। कई स्थानों पर पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है, जबकि दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना हुआ है।

सावन में पदयात्राएं, स्वागत में कीचड़ भरी राह

इन दिनों सावन माह के चलते कोटड़ी चारभुजानाथ की पदयात्राएं लगातार रोपा से होकर गुजर रही हैं। श्रद्धालु धार्मिक आस्था के साथ पैदल यात्रा कर रहे हैं, लेकिन रोपा पहुंचने पर उन्हें कीचड़ और गंदगी से भरे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पदयात्राओं को देखते हुए पंचायत प्रशासन को प्रमुख रास्तों की सफाई पहले ही करा देनी चाहिए थी।

सड़क तक पहुंचीं कांटेदार झाड़ियां, हादसे का भी डर

मुख्य सड़क के किनारे बबूल की झाड़ियां बढ़कर सड़क तक पहुंच गई हैं। कई जगह झाड़ियों के कारण वाहन चालकों को सड़क के बीच की ओर होकर निकलना पड़ता है। सामने से दूसरा वाहन आने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात के समय दृश्यता कम होने से खतरा और बढ़

जाता है।

ग्रामीणों का सवाल- आखिर कब जागेगा पंचायत प्रशासन?

ग्रामीणों का कहना है कि साफ-सफाई जैसी बुनियादी व्यवस्था के लिए भी बार-बार मांग करनी पड़ रही है। यदि समय रहते नालियों और रास्तों की सफाई के साथ बबूल की झाड़ियों की कटाई कराई जाती तो बारिश में ऐसी स्थिति नहीं बनती। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत प्रशासन से मुख्य सड़क सहित आबादी क्षेत्र में जमा कीचड़ और गंदगी की तत्काल सफाई कराने तथा रास्ते में फैली बबूल की झाड़ियों को हटवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सावन में गुजरने वाले पदयात्रियों और रोजाना आवाजाही करने वाले ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए पंचायत प्रशासन को अब बिना देरी कार्रवाई करनी चाहिए

UGC रेगुलेशन के खिलाफ मेवाड़ से राष्ट्रव्यापी आंदोलन का आगाज...

मेवाड़ से 15 हजार KM की जनजागरण वाहन यात्रा शुरू, 23 अगस्त को दिल्ली में महापंचायत

'केसरिया झंडा और मजबूत डंडा लेकर पहुंचो दिल्ली': राज शेखावत

स्मार्ट हलचल

पुनित चपलोत भीलवाड़ा। यूजीसी रेगुलेशन-2026 को वापस लेने की मांग को लेकर समस्त सवर्ण समाज एवं क्षत्रिय करणी सेना अखंड भारत की ओर से बुधवार को मेवाड़ की पावन धरा से 15 हजार किलोमीटर की राष्ट्रव्यापी जनजागरण वाहन यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा भगवान श्री एकलिंगनाथ के दर्शन के बाद शुरू हुई, जो राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के अनेक जिलों से होकर गुजरेगी तथा 23 अगस्त को नई दिल्ली में प्रस्तावित 'यूजीसी रोलबैक सवर्ण आक्रोश महापंचायत' के साथ संपन्न होगी। भीलवाड़ा में आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत (पूर्व बीएसएफ अधिकारी) ने कहा कि यूजीसी रेगुलेशन-2026 में कई ऐसी विसंगतियां हैं, जिनसे सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इन प्रावधानों के कारण समानता के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है, इसलिए रेगुलेशन को वापस लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षाविदों और सामान्य वर्ग के नागरिकों तक रेगुलेशन से जुड़े मुद्दों को पहुंचाना तथा लोकतांत्रिक तरीके से जनमत तैयार करना है। यात्रा के दौरान प्रत्येक जिले में पंचायत, सम्मेलन, जनसंवाद, प्रेस वार्ता और सामाजिक संगठनों के साथ बैठकें आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। डॉ. शेखावत ने कहा कि पिछले 13 जनवरी से यूजीसी रेगुलेशन-2026 के विरोध में आंदोलन जारी है और अब 23 अगस्त को दोपहर 1:15 बजे नई दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में 'यूजीसी रोलबैक सवर्ण आक्रोश महापंचायत' आयोजित की जाएगी। इसमें देशभर से सवर्ण समाज के प्रतिनिधि, विद्यार्थी, शिक्षाविद और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल होकर सरकार एवं संबंधित प्राधिकरणों के समक्ष अपनी बात रखेंगे। प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि रेगुलेशन के कुछ प्रावधान सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि सामान्य वर्ग के किसी छात्र पर शिकायत होती है तो बिना समुचित जांच कार्रवाई का प्रावधान समानता के सिद्धांत के विपरीत है। संगठन ने मांग की कि किसी भी कार्रवाई से पहले निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरी तरह लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक है और इसका उद्देश्य संवाद, जनजागरण तथा ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना है। यात्रा का संदेश 'जन-जन तक संवाद, शिक्षा में न्याय और समान अवसर की मांग' रखा गया है। डॉ. शेखावत ने केंद्र और विभिन्न राजनीतिक दलों पर सामान्य वर्ग की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 सभी नागरिकों को समानता, सम्मान और गरिमा के साथ जीने का अधिकार देते हैं तथा संगठन इन्हीं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर देशभर के नागरिकों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रेस वार्ता के अंत में सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों से 15 हजार किलोमीटर की जनजागरण यात्रा में सहयोग करने तथा 23 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। आयोजकों के अनुसार यह यात्रा केवल दूरी तय करने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के मुद्दों पर व्यापक जनसंवाद और जनजागरण का अभियान है।

आरयूआईडीपी पंचम चरण से बदलेगी भीलवाड़ा की तस्वीर, 147.50 करोड़ के विकास कार्यों पर मंथन

नगर निगम में आरयूआईडीपी संवाद कार्यशाला आयोजित, जनप्रतिनिधियों व विशेषज्ञों के सुझावों से तैयार होगी भविष्योन्मुखी विकास योजना

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)। राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के पंचम चरण के तहत भीलवाड़ा शहर के समग्र एवं सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम सभागार में आयोजित आरयूआईडीपी संवाद कार्यशाला में भीलवाड़ा एवं गुलाबपुरा में प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विभिन्न हितधारकों से सुझाव लिए गए। परियोजना के माध्यम से शहर में सीवरेज, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन सहित आधुनिक शहरी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर भीलवाड़ा को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। कार्यशाला में बताया गया कि पंचम चरण के अंतर्गत भीलवाड़ा में 147.50 करोड़ रुपये तथा गुलाबपुरा में लगभग 27 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न आधारभूत विकास कार्य प्रस्तावित हैं। विश्व बैंक एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से संचालित इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 9,500 करोड़ रुपये है, जिससे प्रदेश के 84 नगरीय निकायों की करीब 1.25 करोड़ आबादी को लाभ मिलेगा। आरयूआईडीपी अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का आधार समन्वित शहरी विकास, आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण तथा जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन है। पंचम चरण में भीलवाड़ा सहित प्रदेश के 64 शहरों में सीवरेज नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। वहीं जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, उदयपुर, अजमेर और भरतपुर सहित सात प्रमुख शहरों में आधुनिक शहरी गतिशीलता (न्तइंद डवइपसपजल) समाधान विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा 56 शहरों में 701 करोड़ रुपये की लागत से कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किए जाएंगे तथा विरासत संरक्षण एवं पर्यटन विकास के कार्य भी किए जाएंगे। औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए रीको एवं उद्योग विभाग के सहयोग से 870 करोड़ रुपये की लागत से कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) स्थापित किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना में जल संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, विरासत संरक्षण तथा सस्टेनेबिलिटी के 7त् के सिद्धांत त्मजीपदाए त्मकनबमए त्मनेमए त्मबलबसमए त्मचंपतए त्मनिमए त्मजीपदा को विशेष प्राथमिकता दी गई है, ताकि शहरों का विकास पर्यावरण संरक्षण के साथ किया जा सके। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों ने शहर के विकास से जुड़े विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी सुझावों का समुचित अध्ययन कर भीलवाड़ा के लिए एक समावेशी, आधुनिक एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजना तैयार की जाएगी। इस अवसर पर शहर विधायक अशोक कोठारी, सांसद प्रतिनिधि, एडीएम (सिटी) प्रतिभा, राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना, जोधपुर के अति मुख्य अभियंता संजय माथुर, नगर निगम आयुक्त हेमाराम, जनप्रतिनिधि राकेश पाठक, बाबूलाल जाजू, संजय राठी, केदार जागोटिया, सत्यनारायण गुगड़ सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

संवाद से विकास को मिलेगी नई दिशा

ब्यावर में RUIDP के पंचम चरण की 50.51 करोड़ की योजनाओं पर हुआ मंथन

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। शहरों के सतत एवं सुव्यवस्थित विकास में जनसहभागिता की भूमिका को रेखांकित करते हुए राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (RUIDP) के पंचम चरण के तहत जिला कलेक्ट्रेट सभागार में 'आरयूआईडीपी संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों, विभागीय अधिकारियों और मीडिया प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शहर के विकास के लिए ?50.51 करोड़ की प्रस्तावित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके सुझाव प्राप्त किए गए।

विकास कार्यों से जनता को मिले न्यूनतम असुविधाः जिला कलक्टर

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर कमल राम मीना ने कहा कि सीवरेज परियोजना ब्यावर के भावी विकास का मुख्य आधार है। इसका गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध क्रियान्वयन शहर के सुनियोजित विकास को नई गति देगा। उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि:

विकास कार्यों के दौरान आमजन को कम से कम असुविधा हो।

अन्य शहरों में पूर्व में आई चुनौतियों से सबक लेते हुए ब्यावर में पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता के साथ काम पूरा किया जाए।

आरयूआईडीपी, नगर परिषद और संबंधित विभाग आपस में बेहतर समन्वय बनाकर काम करें।

50.51 करोड़ के प्रस्तावित कार्यों का विवरण

आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार धवल ने परियोजना का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए बताया कि पंचम चरण के अंतर्गत निम्नलिखित मुख्य कार्य किए जाएंगे:

अपशिष्ट जल प्रबंधन व पुनरुपयोग (ADB वित्तपोषित): ?35.54 करोड़

बाढ़ प्रबंधन एवं ड्रेनेज (जल निकासी) कार्य ?6.23 करोड़

कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (CCC), विरासत संरक्षण एवं पर्यटन विकासः ?8.73 करोड़

वृत्तचित्र प्रदर्शन और खुला संवाद

कार्यक्रम के दौरान आरयूआईडीपी के विकास कार्यों पर आधारित एक वृत्तचित्र (Documentary) भी दिखाया गया। इसके बाद आयोजित खुले संवाद सत्र में उपस्थित हितधारकों ने सीवरेज, ड्रेनेज और शहरी बुनियादी ढांचे से जुड़ी अपनी शंकाएं और सुझाव रखे, जिनका अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान किया। इस आयोजन ने ब्यावर के सहभागी और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार तैयार किया है।

3 साल से फरार 2,000 का ईनामी बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

बर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, टॉप-10 में शामिल था आरोपी महेन्द्र चौधरी

अनिल कुमार ब्यावर/बर। पुलिस थाना बर ने हत्या के प्रयास और पुलिस टीम पर फायरिंग के मामले में पिछले 3 साल से फरार चल रहे ?2,000 के ईनामी और थाने के टॉप-10 में शामिल आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेन्द्र चौधरी (30) पुत्र घेवर राम जाट, निवासी डांगियावास (जिला जोधपुर) के रूप में हुई है।

नाकाबंदी के दौरान पुलिस पर की थी फायरिंग

थानाधिकारी पन्नालाल ने बताया कि 26 जुलाई 2023 को बर थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों पर नकेल कसने के लिए नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान इनोवा, स्कॉर्पियो और क्रेटा गाड़ियों में सवार होकर आए तस्करों ने पुलिस द्वारा रोकने पर जान से मारने की नियत से अवैध हथियारों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। आरोपी पुलिसकर्मियों के जीवन को संकट में डालते हुए और राजकार्य में बाधा पहुंचाकर मौके से गाड़ी भगाकर फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना बर में मामला संख्या 118/2023 धारा 307, 353, 332, 336 भादसं व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था।

तकनीकी डेटा विश्लेषण से हत्थे चढ़ा बदमाश

अजमेर रेंज आईजी डॉ. रवि सभरवाल और ब्यावर एसपी रतन सिंह के निर्देशानुसार चलाए जा रहे वांछित अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत एएसपी डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं सीओ रायपुर बंशीलाल पाण्डर के निकटतम सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सूचना संकलन और तकनीकी डेटा विश्लेषण के आधार पर आरोपी के ठिकाने का पता लगाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए महेन्द्र चौधरी को दबोच लिया।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीमः

आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में बर थानाधिकारी (उप निरीक्षक) पन्नालाल, कॉन्स्टेबल सुनील (608) और कॉन्स्टेबल महिपाल (543) शामिल रहे।

दो दिवसीय चालीसवां मोहर्रम आज से, अकीदत के साये में निकलेगा ताज़ियों का जुलूस

इंतज़ामिया कमेटी ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप, शहर में रौनक, जगह-जगह लंगर, शरबत और सबील का होगा एहतिमाम

स्मार्ट हलचल

निम्बाहेड़ा शहादत-ए-इमाम हुसैन की याद में निम्बाहेड़ा में ऐतिहासिक रूप से मनाए जाने वाले चालीसवें मोहर्रम (चेहलुम) के मौके पर शहर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन गुरुवार से शुरू होगा। हर साल की तरह इस बार भी उर्दू तारीख 22 और 23 सफ़र 1448 हिजरी गुरुवार एवं शुक्रवार को शहर के विभिन्न मोहल्लों से ताज़ियों के जुलूस पूरे अदब, एहतराम और अकीदत के साथ अपने तयशुदा रास्तों से रवाना होंगे। जुलूस में आस - पास के क्षेत्रों सहित चितौड़गढ़, प्रतापगढ़, मंदसौर, नीमच, छोटी सादड़ी, बड़ी सादड़ी, उदयपुर सहित कई इलाकों से बड़ी तादाद में जायरीन एवं अकीदतमंद शिरकत करेंगे। मोहर्रम इंतज़ामिया कमेटी तथा विभिन्न मोहल्लों के जिम्मेदारान ने आयोजन की तमाम तैयारियों को मुकम्मल कर अंतिम रूप दे दिया है। शहर के विभिन्न इलाकों में ताज़ियों को आकर्षक विद्युत सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और खूबसूरत फूलों से सजाया गया है। शाम ढलते ही यह सजावट शहर की रौनक में चार चाँद लगा रही है और मोहर्रम की अकीदत भरी फिज़ा को और भी दिलकश बना रही है। जुलूस मार्ग पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं खिदमतगार संस्थाओं की ओर से जायरीनों की खिदमत के लिए शहर के विभिन्न मोहल्लों एवं स्थान स्थान पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा से सजावट कर सबीले स्थापित की है जिसमें शरबत, ठंडे पानी, लंगर और अल्पाहार का खास एहतिमाम किया गया है। आयोजन के दौरान अमन, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहज़ीब की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिलेगी। मोहर्रम इंतज़ामिया कमेटी ने शहरवासियों से जुलूस के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। वहीं प्रशासन एवं पुलिस ने सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतज़ाम किए हैं, ताकि यह धार्मिक आयोजन पूरी शांति, अनुशासन और भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न हो सके।

'प्रदेश में 2,101.16 करोड़ रुपये की लागत से 3,232 सड़कों के निर्माण को स्वीकृति'

'हर गाँव, कस्बे और शहर को गुणवत्तापूर्ण सड़क से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता-उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी'

'भीलवाड़ा जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों में 78.93 करोड़ रुपये की लागत से 100 सड़कें बनेंगी'

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2026-27 की घोषणा की प्रभावी क्रियान्विति करते हुए प्रदेश के 187 विधानसभा क्षेत्रों में मिसिंग लिंक एवं नॉन-पेचेबल सड़कों के निर्माण के लिए 3,232 विकास कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 2,101.16 करोड़ रुपये की लागत से 6,418.43 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों से प्रदेश के उन क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलेगा, जहां अब तक सड़क संपर्क अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रदेश में सड़क संपर्क को सुदृढ़ बनाने, आवागमन को अधिक सुगम करने तथा समग्र विकास को गति प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन तथा मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आधारभूत अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रभावी निर्णय ले रही है। प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और शहर तक गुणवत्तापूर्ण सड़क नेटवर्क पहुंचाने तथा विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। स्वीकृत प्रस्तावों के अंतर्गत भीलवाड़ा जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 100 सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इन सड़कों की कुल लंबाई 165.870 किलोमीटर होगी तथा इन पर लगभग 78.93 करोड़ रुपये (7,893 लाख) की अनुमानित लागत व्यय की जाएगी।

विधानसभा क्षेत्रवार स्वीकृत प्रस्तावों के अनुसार-

आसीन्द में 8 सड़कें (20.650 किमी) पर 888 लाख।

भीलवाड़ा में 21 सड़कें (10.090 किमी) पर 998 लाख।

जहाजपुर में 18 सड़कें (18.650 किमी) पर 1,203 लाख।

माण्डल में 12 सड़कें (26.40 किमी) पर 1,215 लाख।

माण्डलगढ़ में 10 सड़कें (23.980 किमी) पर 1,210 लाख।

सहाड़ा में 15 सड़कें (24 किमी) पर 1,180 लाख।

शाहपुरा (भीलवाड़ा) में 16 सड़कें (42.100 किमी) पर 1,199 लाख की अनुमानित लागत से सड़क निर्माण कार्य किए जाएंगे।

अग्रवाल महिला मंडल ने उत्साह से मनाया फ्रेंडशिप डे, एकरूप वेशभूषा से दिया एकता और मित्रता का संदेश

मासिक बैठक में आगामी सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों की बनाई रूपरेखा, विजेता प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित फ्रेंडशिप डे समारोह में उत्साह और अपनत्व का अनूठा संगम देखने को मिला। सदस्याओं ने एकरूप वेशभूषा में भाग लेकर एकता, मित्रता और सौहार्द का प्रेरक संदेश दिया, वहीं प्रतियोगिताओं और मासिक बैठक के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। प्रेम, अपनत्व और उल्लास से सराबोर इस आयोजन में महिलाओं ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेते हुए फ्रेंडशिप डे को यादगार बनाया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित एकरूप वेशभूषा प्रतियोगिता में सीमा नीमोदिया, आशा नीमोदिया, संध्या अग्रवाल एवं वर्षा अग्रवाल ने अपनी आकर्षक एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। अग्रवाल महिला मंडल की ओर से सभी विजेता प्रतिभागियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की मासिक बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें आगामी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सदस्याओं ने अपने सुझाव साझा किए तथा सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग का संकल्प लिया। महिला मंडल की अध्यक्ष ऋतु नागौरी एवं सचिव अंजलि हिम्मतरामका ने सभी सदस्याओं का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं के बीच आपसी प्रेम, विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव को भी नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि महिला मंडल भविष्य में भी समाजहित एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहेगा। कार्यक्रम में प्रतिभा मानसिंगा, विनीता जैन, सीमा बंसल, ऊषा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, अंशु बंसल, अनु हिम्मतरामका, प्रियंका, लक्ष्मी, गुड्डी नागौरी सहित बड़ी संख्या में सदस्याएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन आपसी मित्रता, सौहार्द और आगामी आयोजनों को सफल बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

सांसद दामोदर अग्रवाल आठ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व निभाकर बढ़ा रहे भीलवाड़ा का गौरव

लोकसभा सचेतक से लेकर रेलवे स्थायी समिति, एफसीआई सलाहकार समिति के अध्यक्ष सहित आठ प्रमुख जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन...

स्मार्ट हलचल

दामोदर अग्रवाल छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में स्वयंसेवक के रूप में अपने सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन यात्रा की शुरूआत की गई । बतौर प्रचारक भी रहे, आपातकाल के दौरान कारावास में रहकर आंदोलन में अपना योगदान दे राष्ट्र के प्रति अपने धर्म का निर्वहन किया । समय समय पर संघ एवं पार्टी के निर्देषानुसार सभी दायित्वों का निर्वहन किया । इसी निष्ठा और समर्पण के फलस्वरूप पार्टी द्वारा 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा से सांसद पद हेतु प्रत्याक्षी नामित किया । सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद दामोदर अग्रवाल बतौर सांसद के साथ आठ महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निर्वहन कर भीलवाड़ा का नाम रोशन कर रहे हैं

लोकसभा भाजपा संसदीय दल (राजस्थान) के सचेतक मनोनीत

दामोदर अग्रवाल ने अपनी दमदार कारयशैली, प्रभावशाली व्यक्तित्व और बेबाक शैली से मतदाताओं के मन मस्तिष्क में जगह बनाई और लगभग 3.54 लाख वोटों से विजय प्राप्त की । निर्वाचन पश्चात राजनैतिक जीवन के अनुभव को पार्टी द्वारा पूर्ण सम्मान देते हुए लोकसभा 2024 के शपथग्रहण समारोह से पूर्व ही लोकसभा भाजपा सांसद समूह का सचेतक नियुक्त किया । निर्वाचन उपरांत लोकसभा में सचेतक पद का दायित्व निरंतर रूप निर्वहन कर रहे है ।

केन्द्र सरकार द्वारा रेल्वे स्थाई समिति मे सदस्य मनोनीत

लोकसभा सत्र के प्रथम वर्ष सत्र में ही सदन में एवं बाहर अपने प्रदर्शन के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा रेल्वे स्थाई समिति मे सदस्य



मनोनीत किया गया । सांसद दामोदर अग्रवाल ने इस समिति में सदस्य के तौर पर पूरे भारतवर्ष में स्टडी ट्यूर के दौरान हुये अनुभवों का लाभ अपने लोकसभा क्षेत्र में रेल्वे सेवाओं के विस्तार एवं सुगम सुलभ बनाने में उपयोग लिया । इसके अतिरिक्त अपने सुझावों से भी मंत्रालय को अवगत कराया ताकि यात्राओं के हित में कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हो सके एवं राजस्व में भी वृद्वि हो सके । इसके अतिरिक्त अग्रवाल द्वारा अपने लोकसभा क्षेत्र में अजमेर चंदेरिया रेल्वे लाईन का दोहरीकरण , भगत की कोठी - काछीगुढ़ा एवं उदयपुर - चंड़ीगढ़ नई ट्रेन उपलब्ध करवाना , भीलवाड़ा रेल्वे स्टेशन को अमृत भारत रेल्वे स्टेषन के रूप में विकसित करना , चेतक एक्सप्रैस में एलएचबी कोच उपलब्ध कराना तथा रामधाम पर आरओबी निर्माण , ग्रामीण क्षेत्रों में आरयूबी निर्माण प्रस्ताव स्वीकृत होकर टेंडर प्रक्रियाधीन है ।

प्राकृतिक गैस एवं पेट्रोलियम परामर्शदात्री समिति में सदस्य मनोनयन

राजनेतिक जीवन मे प्राप्त अवसर को यदि सकारात्मक रूप में लिया जाये तो परिणाम बेहतर होते है । इसी भावना से लोकसभा सचेतक एवं रेल्वे स्थाई समिति में अपनी के कारण के कारण केन्द्र सरकार द्वारा प्राकृतिक गैस एवं पेट्रोलियम परामर्शदात्री समिति में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया गया । मनोनयन उपरांत मंत्रालय की योजनाओं में अपने सकारात्मक सुझावों से योगदान दिया ।

सांसद वेतन एवं भत्ता निर्धारण संयुक्त समिति में सदस्य के रूप में मनोनयन

लोकसभा सत्र में अपने निरंतर उल्लेखनीय प्रदर्शन और विभिन्न समितियों में सदस्य के तौर पर मनोनयन उपरांत अपनी कार्यशेली के कारण केन्द्र सरकार द्वारा सांसद वेतन एवं भत्ता निर्धारण संयुक्त समिति में सदस्य मनोनीत किया गया । समय समय पर आयोजित बैठक में प्रस्तुत विषय पर अपना मत औचित्यपूर्ण तरीके से सरकार को सुझाव प्रस्तुत किये ।

भारतीय खाद्य निगम की राजस्थान राज्य सलाहकार समिति में अध्यक्ष पर मनोनयन

दामोदर अग्रवाल अपने राजनैतिक जीवन में राजस्थान में विभिन्न पदों पर पदासीन होने के उपरांत सदैव सक्रिय रहते देख कृषि , सिंचाई , सहकार , रसद , पंचायत राज आदि विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत होने के कारण केन्द्र सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम की राजस्थान राज्य सलाहकार समिति में अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया ।

मनोनयन उपरांत श्री अग्रवाल द्वारा राजस्थान में भारतीय खाद्य निगम की सभी शाखाओं के संचालन हेतु कार्ययोजना बनाई जिसके सकारात्मक परिणाम भी दिखने लगे है ।

केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में गठित हिन्दी सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में मनोनयन

दामोदर अग्रवाल छात्र जीवन में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में स्वयंसेवक होने के कारण मातृ भाषा हिन्दी , संस्कृति , हिन्दु धर्म , इतिहास , सामाजिक परिवेश आदि पर विषय परक जानकारी रखते हैं जिसका आभास कार्यप्रणाली में स्वतः ही प्रदर्शित होता है । पुनः केन्द्र सरकार द्वारा माननीय गृह मंत्री महोदय अमित शाह की अध्यक्षता में गठित हिन्दी सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया । यह लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा ही नहीं वरन संपूर्ण राजस्थान के लिये गौरव का विषय है ।

' जन विश्वास (प्रावधानों में संषोधन) बिल 2025 संबंधी प्रवर समिति ' में सदस्य के रूप में मनोनयन

भारतवर्ष की जनता अंग्रेजों द्वारा स्वतंत्रता से पूर्व एवं स्वतंत्रता के पश्चात् भारत सरकार द्वारा लागू किये कानूनों जिसकी प्रासंगिकता एवं उपयोगिता आज के परिपेक्ष्य में नगण्य है ऐसे कानूनों को समाप्त करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा ' जन विष्वास (प्रावधानों में संषोधन) बिल 2025 संबंधी प्रवर समिति ' में सदस्य मनोनीत किया गया । यह लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा ही नहीं वरन संपूर्ण राजस्थान के लिये गौरव का विषय है । समिति के सदस्य में रूप में समय समय पर आयोजित बैठकों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई तथा पुराने कानूनों को समाप्त करने अथवा संषोधन करने में अपना मत व्यक्त किया ।

' भारत बाल्टिक संसदीय मैत्री समूह ' (मित्र देष एस्तोनिया , लात्विया , लिथुआनिया) के सदस्य के रूप में मनोनयन

ऑपरेशन सिंदुर में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को करारी शिकस्त देने के उपरांत केन्द्र सरकार द्वारा विश्व के अधिकांश मित्र देषों को जानकारी देने हेतु मैत्री समूह बनाये गये । मैत्री समूह के सदस्यो को दो देशों के बीच स्थाई सम्बन्धो को बढ़ाने एवं परस्पर मित्रता व व्यापार को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए सांसद दामोदर अग्रवाल को केन्द्र सरकार द्वारा ' भारत बाल्टिक संसदीय मैत्री समूह ' (मित्र देष एस्तोनिया , लात्विया , लिथुआनिया) के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया हैं । यह लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा ही नहीं वरन संपूर्ण राजस्थान के लिये गौरव का विषय है ।

चारागाह भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप, कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

आवंटित भूमि छोड़ गोचर में बनाया जा रहा विद्युत ग्रिड, कांग्रेस प्रकोष्ठ ने सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ (देहात) जिला अध्यक्ष राजू डीडवानिया एडवोकेट ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बनेड़ा तहसील के सरदारनगर ग्राम पंचायत में चारागाह भूमि पर कथित अवैध विद्युत ग्रिड निर्माण का आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा गया कि ग्रिड के लिए आवंटित आराजी संख्या 4026/2537 पर निर्माण नहीं कर, गोचर भूमि पर कार्य कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में रोष है। प्रकोष्ठ ने मामले की निष्पक्ष जांच कर चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने और आवंटित भूमि पर ही ग्रिड निर्माण कराने की मांग की।

स्वतन्त्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल

मांडलगढ़। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पंचायत समिति सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन उपखण्ड अधिकारी श्रीमती स्वाति के सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक में विकास अधिकारी संगीता व्यास ,सीबीओ कल्पना शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कार्मिक मौजूद रहे। बैठक में तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई व स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य, गरिमामय और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

तैयारियों की विस्तृत समीक्षा

बैठक में पर्व को लेकर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, निर्बाध बिजली आपूर्ति और चिकित्सा सुविधा समेत सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया.

गरिमापूर्ण ढंग से मनाने की अपील

एसडीएम ने सभी सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और अन्य प्रतिष्ठानों से अपने-अपने परिसर में गरिमापूर्ण ढंग से राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा स्वतंत्रता दिवस की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की. उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का प्रतीक है, इसलिए सभी विभागों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

प्रशासन को सहयोग का भरोसा

बैठक में उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने समारोह को शांतिपूर्ण, भव्य और यादगार बनाने के लिए प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में चिकित्सा अधिकारी गोपाल यादव,एईएन लेखराज जांगिड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

जोगणिया माता धाम में संत प्रेमनारायण जी की संगीतमय कथा, हजारों श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

मधुर भजनों और प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से दिया संस्कार, भक्ति और मानव जीवन का संदेश

स्मार्ट हलचल

जोगणिया माता, श्रावण मास के पावन अवसर पर जोगणिया माता धाम स्थित विशाल रामलीला मैदान में बुधवार को संत श्री प्रेमनारायण जी महाराज (गेहूंखेड़ी) के सानिध्य में एक दिवसीय संगीतमय सत्संग एवं कथा का आयोजन हुआ। कथा में क्षेत्रभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं, माताओं, बहनों एवं बच्चों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से अमृतमयी वाणी का श्रवण किया। संत प्रेमनारायण जी महाराज ने मधुर भजनों, प्रेरक प्रसंगों और सरल दृष्टांतों के माध्यम से मानव जीवन की सार्थकता, प्रभु स्मरण, भक्ति और श्रेष्ठ संस्कारों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सत्संग में वही लोग पहुंचते हैं, जिन्हें स्वयं भगवान बुलाते हैं। संसार क्षणभंगुर है, जबकि ईश्वर का स्मरण ही मनुष्य के साथ अंत तक रहता है। कथा के दौरान संत श्री ने विशेष रूप से माताओं एवं बालिकाओं को संस्कारों का महत्व बताते हुए कहा कि मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है। उन्होंने माताओं से बच्चों में अच्छे संस्कार, सेवा, सद्भाव और धार्मिक चेतना विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रेम में किसी विधि-विधान की आवश्यकता नहीं होती, केवल निष्काम भाव होना चाहिए। संत श्री ने श्रीमद्भगवद्गीता एवं रामायण की चौपाइयों का मधुर गायन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान भजनों और प्रवचनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। उन्होंने जोगणिया माता तीर्थ की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां गोशाला, वेद पाठशाला, नक्षत्र वाटिका तथा भव्य मंदिर परिसर धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का उत्कृष्ट केंद्र बन चुके हैं। उन्होंने जोगणिया माता धाम की उल्लेखनीय प्रगति की प्रशंसा करते हुए इसे एक भव्य तीर्थ के रूप में विकसित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने संत प्रेमनारायण जी महाराज का सम्मान किया तथा भविष्य में भी नियमित रूप से कथा आयोजन का आग्रह किया। संत श्री ने भी समय मिलने पर पुनः कथा करने का आश्वासन दिया। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने जोगणिया माता की आरती में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

भारत विकास परिषद नेताजी सुभाष शाखा ब्यावर ने आयोजित किया 'गुरुवंदन छात्र अभिनंदन' समारोह

प्रतिभाशाली छात्रों के लिए प्रोत्साहन पुरस्कारों की वर्षा, बोर्ड में उत्कृष्ट अंक लाने पर मिलेंगे 11-11 हजार रुपये...

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। भारत विकास परिषद नेताजी सुभाष शाखा, ब्यावर द्वारा स्थानीय राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में 'गुरुवंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षकों के सम्मान के साथ-साथ उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और विद्यालय विकास हेतु भामाशाहों द्वारा सहयोग राशि की घोषणाएं की गईं। कार्यक्रम के प्रारंभ में परिषद के संयुक्त सचिव सुनील कुमार हरकुट ने परिषद द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं सेवा प्रकल्पों का विस्तृत परिचय दिया। संयोजक (संपर्क) सुरेंद्र लाल माथुर ने गुरु महिमा पर विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने घोषणा की कि बोर्ड परीक्षा 2027 में कक्षा 12 में 95 प्रतिशत से अधिक तथा कक्षा 10 में 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को परिषद की ओर से 11,000 रुपये का नगद पारितोषिक प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान परिषद के 'भारत को जानो' प्रभारी हेमंत काबरा, प्रकल्प प्रभारी भरतेश कुमार जैन तथा सेवा गतिविधि संयोजक जे.पी. अजमेरा ने विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों–वंश, राजवीर सिंह, सविता, कार्तिक जांगिड़ एवं कृष्णा को प्रतीकात्मक रूप से सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान रोहित जैन की प्रेरणा से विद्यालय के पारी प्रभारी नन्द सिंह चौहान ने विद्यालय के माइक सेट के लिए 11,000 रुपये तथा बोर्ड परीक्षा में प्रत्येक संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5,100 रुपये देने की घोषणा की। इसी क्रम में कक्षा 10 के छात्र तन्मय के पिता राजेंद्र सिंह ने भी माइक सेट हेतु 11,000 रुपये नगद राशि विद्यालय को भेंट की। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य रोहित जैन ने परिषद के पदाधिकारियों, अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन हर्षित पारीक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जमानत रद्द होने के बाद नरेश मीणा का बड़ा फैसला, 6 अगस्त सुबह 10 बजे नगरफोर्ट थाने में करेंगे सरेंडर

स्मार्ट हलचल

टोंक(नरेश कुरेडा) । जमानत याचिका खारिज होने के बाद नरेश मीणा ने 6 अगस्त को स्वेच्छा से सरेंडर करने का फैसला किया है। जानकारी के अनुसार, नरेश मीणा 6 अगस्त सुबह करीब 10 बजे नगरफोर्ट थाने में सरेंडर करेंगे। गौरतलब है कि टोंक की एससी-एसटी कोर्ट ने हाल ही में नरेश मीणा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने कानून का पालन करते हुए सरेंडर करने का निर्णय लिया है। हालांकि, सरेंडर की प्रक्रिया पुलिस की निगरानी में पूरी की जाएगी। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और आगे की कानूनी कार्रवाई न्यायालय के निर्देशानुसार की जाएगी।

बूंदी के विकास को मिलेगी नई रफ्तार आरयूआईडीपी के पांचवें चरण में विकास कार्यों पर खर्च होंगे 35.94 करोड़ रुपये

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच हुआ 'आरयूआईडीपी संवाद', विकास कार्यों पर मांगे गए सुझाव

स्मार्ट हलचल

बूंदी- शहर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को गति देने के लिए बुधवार, 5 अगस्त को नगर परिषद भवन सभागार में 'आरयूआईडीपी संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के पांचवें चरण के तहत बूंदी शहर में कुल 35.94 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस संबंध में शहर के जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों और अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ विस्तृत चर्चा कर उनसे फीडबैक और सुझाव लिए गए। विकास कार्यों का इस प्रकार रहेगा बजट: कार्यक्रम में दी गई जानकारी के अनुसार, एशियन विकास बैंक (एडीबी) के वित्तपोषण से शहर में कई कार्य किए जाएंगे। इसके तहत अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए 14.86 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के 9.53 करोड़ रुपये के कार्य कराए जाएंगे। कमान्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर के निर्माण के साथ-साथ विरासत संरक्षण एवं पर्यटन संबंधी कार्यों के लिए 6.74 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित है। शहर में बाढ़ प्रबंधन कार्यों पर 4.81 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

कचरा निस्तारण और जल भराव की समस्या पर हुआ मंथन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के तहत डोर टू डोर कचरा संग्रहण और कचरे के निस्तारण की व्यवस्था में सुधार लाने पर जोर दिया। उन्होंने जल भराव क्षेत्रों के सुधार और अपशिष्ट जल प्रबंधन योजना को शहर के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया और इसके लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि शहर की जनता और पार्षद इस विकास परियोजना में अपना पूरा सहयोग देंगे। जिलाध्यक्ष रामेश?वर मीणा ने पांचवें चरण को बूंदी के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने नगर परिषद और शहरवासियों की तरफ से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि योजना की वास्तविक सफलता के लिए आरयूआईडीपी, नगर परिषद और अन्य सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर सामंजस्य होना बेहद जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि पूर्व के कार्यों और वर्तमान प्रगति को ध्यान में रखकर ही आगे की योजना बनाई जानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता श्रीमती दीप्ति पाटनी ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के जरिए परियोजना के पांचवें चरण की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि सभी विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ और निश्चित समयावधि के भीतर पूरा किया जाएगा। साथ ही, कार्यशाला में प्राप्त सभी उपयोगी सुझावों को भी परियोजना में शामिल करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान एक डॉक्यूमेंट्री दिखाकर आरयूआईडीपी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का प्रदर्शन भी किया गया। इसके बाद आयोजित खुले सत्र में प्रतिभागियों ने सीवर लाइन और अन्य कार्यों से जुड़ी अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी लक्ष?मीकांत मीणा, नगर परिषद की पूर्व सभापति सरोज अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्?त बृजेश राय, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्?य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

शीर्षासन में हनुमान चालीसा का पाठ कर संजय माली ने रचा इतिहास, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम

पिता की प्रेरणा और 5 साल की साधना लाई रंग:

अनिल कुमार ब्यावर। योग साधना के प्रति अटूट समर्पण और पिता के संस्कारों ने ब्यावर के संजय कुमार माली को राष्ट्रीय पटल पर नई पहचान दिलाई है। छावनी पावर हाउस में सीए-द्वितीय के पद पर कार्यरत संजय ने योग की अत्यंत कठिन मुद्रा 'शीर्षासन' में लगातार 5 मिनट 40 सेकंड तक उल्टे खड़े रहकर हनुमान चालीसा और श्री राम स्तुति का पाठ कर 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' (IBR) में अपना नाम दर्ज कराया है। संस्था की ओर से संजय को 'आईबीआर अचीवर' के खिताब से नवाजा गया है। उनकी इस उपलब्धि का वीडियो और फोटो संस्था के आधिकारिक सोशल मीडिया पेजों के साथ-साथ राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्हें हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित होने वाले भव्य वार्षिक समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। अपनी इस ऐतिहासिक सफलता को अपने दिवंगत पिता की पावन स्मृतियों में समर्पित करते हुए संजय ने कहा, 'बचपन में रोज सुबह पिताजी को योग करते देख ही मुझे प्रेरणा मिली थी। आज वे मेरे साथ नहीं हैं, लेकिन उनका आशीर्वाद और 5 साल की मेहनत रंग लाई है।' संजय की इस सफलता से विद्युत विभाग के सहकर्मियों, परिजनों और ब्यावर शहरवासियों में खुशी की लहर है।

पशुपालकों को बड़ी राहत : कोटा-बूंदी सरस डेयरी ने दूध खरीद दर -30 प्रति किलो फैट बढ़ाई

15 नई दुग्ध समितियों को मंजूरी, 7 महिला समितियां बनेंगी; 'सरस लाडो मायरा ' योजना के तहत विवाह पर ?21 हजार की सहायता

स्मार्ट हलचल

कोटा । कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की बोर्ड बैठक में पशुपालकों और दुग्ध उत्पादक किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण एवं दूरगामी निर्णय लिए गए। संघ ने दूध खरीद दर में ?30 प्रति किलो फैट की वृद्धि करते हुए इसे ?820 से बढ़ाकर ?850 प्रति किलो फैट करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से कोटा और बूंदी जिले के हजारों दुग्ध उत्पादक किसानों की आय में सीधा इजाफा होगा। सरस सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने की। बैठक में किसानों एवं दुग्ध उत्पादक सदस्यों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण को ध्यान में रखते हुए 'सरस लाडो मायरा ' योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के तहत संघ के सदस्य परिवारों की पुत्रियों के विवाह पर ?21 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। डेयरी सहकारिता के विस्तार की दिशा में बोर्ड ने 15 नई दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के गठन को मंजूरी दी, जिनमें 7 महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां शामिल हैं। संघ के प्रबंध निदेशक दिलखुश मीणा ने बताया कि महिला समितियों के गठन से ग्रामीण महिलाओं की डेयरी गतिविधियों में भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। बैठक से अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां बीना बैरवा के सरस डेयरी परिसर पहुंचने पर अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने बताया कि संघ लगातार प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही के अंत तक संघ ने 49.27 लाख रुपये का लाभ अर्जित किया है। इस अवधि में आवश्यक पूंजीगत निवेश भी किए गए हैं, जिससे डेयरी गतिविधियों के विस्तार तथा आधारभूत ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। बैठक में अतिरिक्त रजिस्ट्रार बीना बैरवा, प्रबंध निदेशक दिलखुश मीणा, राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) के प्रतिनिधि श्रीकांत वैष्णव सहित संचालक मंडल के सदस्य गौरी शंकर, धनराज सैनी, जोधराज मीणा, बनवारी लाल नागर, माया किराड़, हरनाथ मीणा, रामेश्वर, रोशनलाल, रासबिहारी फोरंता बाई एवं शैतान गुर्जर उपस्थित रहे।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल

बायतु (चिमु धतरवाल)। उपखण्ड अधिकारी बायतु की अध्यक्षता में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आज उपखण्ड कार्यालय बायतु में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय, व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक आयोजित किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में समारोह स्थल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उपखण्ड अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियों का समयबद्ध एवं समुचित रूप से निर्वहन सुनिश्चित करने तथा समारोह से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही समारोह में अधिकाधिक आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ERCP नहर का रूट बदलने पर किसान आक्रोशित

दूनी तहसील के किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी

स्मार्ट हलचल

अभिनेश मीणा 7 घाड़ (देवली), टोंक टोंक जिले में ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ERCP) के तहत प्रस्तावित नहर के रूट को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। दूनी तहसील के प्रभावित किसानों ने ERCP प्रभावित किसान संघर्ष समिति के बैनर तले जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें नहर को पूर्व निर्धारित रूट से ही निकालने की मांग की गई है। किसानों का कहना है कि वर्तमान सर्वे और प्रस्तावित रूट से क्षेत्र के अनेक किसानों की सिंचित, बहुफसली और खाद्यान्न उत्पादन वाली उपजाऊ कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। यह भूमि उनके परिवारों की आजीविका का मुख्य आधार है। रूट में बदलाव के कारण किसानों के समक्ष भूमिहीन होने और आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न होने की आशंका है। किसानों की प्रमुख मांगों में ERCP नहर को पूर्व निर्धारित एवं स्वीकृत रूट से ही निकालना शामिल है, ताकि उपजाऊ भूमि का अनावश्यक अधिग्रहण न हो। उन्होंने यह भी मांग की है कि किसानों की आजीविका, आवास और कृषि भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ऐसा वैकल्पिक समाधान अपनाया जाए जिससे न्यूनतम नुकसान हो। भूमि अधिग्रहण की स्थिति में, किसानों ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत बाजार मूल्य का चार गुना (लगभग ?40,00,000 प्रति बीघा) मुआवजा और अन्य वैधानिक लाभ समयबद्ध रूप से देने की मांग की है। इसके अतिरिक्त, अधिग्रहण से पहले प्रभावित किसानों के पुनर्वास के लिए क्षेत्र में उपलब्ध चारागाह या अन्य उपयुक्त सरकारी भूमि के आवंटन की प्रक्रिया पूरी करने की भी मांग की गई है। किसानों ने भूमि अधिग्रहण से पूर्व प्रभावित किसानों के साथ खुली जनसुनवाई आयोजित कर आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने की अपील की है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि 20 अगस्त 2026 तक उनकी मांगों का उचित समाधान नहीं किया गया, तो वे लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। समिति ने कहा कि इसके बाद किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन और राज्य सरकार की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान ठीकरियाकला, टोकरावास, गुलाबपुरा सहित अन्य गांवों के चंदन, विनोद मीणा, संतोष देवी, हेमराज मीणा, जगदीश गोस्वामी, रमेश गुर्जर और दुर्गाशंकर शर्मा सहित कई प्रभावित किसान मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर व एसपी को जार पदाधिकारियों ने पुस्तक भेंट की

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित पुस्तक

दोनों अधिकारियों से हुई देर तक चर्चा

स्मार्ट हलचल

रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी झालावाड़- जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान(जार) जिला झालावाड़ इकाई के पदाधिकारियों ने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर जार राजस्थान की पुस्तक जो जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी जयपुर जेएनयू के सहयोग से प्रकाशित हुई उसे बुधवार को झालावाड़ जिला कलेक्टर डॉक्टर अजय सिंह राठौड़ व जिला एसपी अमित बुडानिया को भेंट की। इस दौरान जार पदाधिकारियों की दोनों अधिकारियों से देर तक चर्चा हुई जिसमें उन्होंने जार के कार्यों के बारे चर्चा की ओर उनकी सराहना की।

विश्लेषणात्मक खबरों का प्रकाशन होना चाहिए- जिला कलेक्टर

जार पदाधिकारियों के साथ लगभग 30 मिनट से अधिक चली चर्चा में जिला कलेक्टर डॉक्टर अजय सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रिंट मीडिया में विश्लेषणात्मक खबरों का प्रकाशन कम हो गया है जो चिंता का विषय है क्योंकि विश्लेषणात्मक खबरों से लोगों को सीखने और समझने के अवसर ज्यादा होते हैं और ऐसी खबरों से रीडरशिप भी बढ़ती है। साथ ही कम्पीटिशन की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को भी ऐसी खबरों से फायदा होता है। डॉक्टर राठौड़ ने जार की हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित पुस्तक पर हर्ष व्यक्त किया और जार के सकारात्मक कार्यों की सराहना करते हुए पुस्तक के प्रकाशन की बधाई दी।

एसपी को दी जार के कार्यों की जानकारी

एसपी अमित बुडानिया को पुस्तक भेंट करने के दौरान जार पदाधिकारियों ने जार के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जार के कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान एसपी बुडानिया ने जार पदाधिकारियों से पत्रकारिता पर विस्तार से चर्चा की ओर पुस्तक के प्रकाशन की बधाई दी।

जिला कलेक्टर ने किया जार प्रदेश संगठन महामंत्री का अभिनन्दन -

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित पुस्तक को जिला कलेक्टर डॉक्टर अजय सिंह राठौड़ को देने पर जिला कलेक्टर ने जार राजस्थान के प्रदेश संगठन महामंत्री भवँर सिंह कछवाहा का गुलदस्ता देकर अभिनन्दन किया और पूरी जार टीम को बधाई दी। साथ ही विश्वास जताया कि सकारात्मक एवं विश्लेषणात्मक खबरों के प्रकाशन को जार टीम गति प्रदान करेगी।

ये रहे मौजूद

जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान(जार) की ओर से प्रकाशित पुस्तक को जिला कलेक्टर व एसपी को भेंट करने के दौरान जार प्रदेश संगठन महामंत्री भवँर सिंह कछवाहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सोनी,जार जिला कानूनी सलाहकार मुकेश उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, रावजोत सिंह व महेश परिहार, जिला सचिव वसीम अकरम, कार्यालय सचिव किशोर तँवर डायरेक्टर,जिला सदस्य राजू वर्मा,लालचंद सुतार व टोंक जार पदाधिकारी सुभाष सोदा आदि मौजूद रहे।

नाथद्वारा विधानसभा को मिली करीब 12 करोड़ की सौगात, 23 सड़कों के निर्माण कार्य स्वीकृत :विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़

स्मार्ट हलचल

नाथद्वारा, राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2026-27 की अनुपालना में नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग ?12 करोड़ की लागत से 23 सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के अंतर्गत 8 मिसिंग लिंक सड़कें एवं 15 नॉन-पेवेबल सड़कें शामिल हैं। इन स्वीकृत कार्यों का लाभ नाथद्वारा विधानसभा के विभिन्न मंडलों नाथद्वारा, खमनोर, कोठारिया, देलवाड़ा एवं रेलमंगरा क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलेगा। लंबे समय से लंबित सड़क संपर्क एवं जर्जर मार्गों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी। नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने इस स्वीकृति पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। विधायक श्री मेवाड़ ने कहा कि नाथद्वारा विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखते हुए अधिकाधिक कार्यों की स्वीकृति सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सड़क निर्माण कार्यों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी सड़क संबंधी समस्याओं का समाधान होगा और विकास को नई गति मिलेगी।

कोटा रेलवे स्टेशन पर संयुक्त चेकिंग अभियान में साढ़े नौ लीटर अवैध शराब बरामद

आरपीएफ कार्रवाई में एक व्यक्ति गिरफ्तार, राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

स्मार्ट हलचल

कोटा। श्रावणी मेले के दौरान रेलवे परिसर में अवैध शराब की तस्करी एवं अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोटा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के साथ संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल मंडल टीम के उप निरीक्षक श्री सुमित रघुवंशी, आरपीएफ पोस्ट कोटा के सहायक उप निरीक्षक श्री हरवंश बघेल तथा राजकीय रेलवे पुलिस कोटा की संयुक्त टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या-4 पर चेकिंग के दौरान एक कोच अटेंडेंट को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाया। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान उसकी पहचान जीतू कुमार (36 वर्ष) निवासी पटना (बिहार) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके बैग से विंटेज जामुन वोदका के 29 क्वार्टर (प्रत्येक 180 मिली) तथा मूनवॉक जामुन वोदका के 24 क्वार्टर (प्रत्येक 180 मिली) बरामद किए गए। इस प्रकार कुल 53 क्वार्टर, लगभग 9.54 लीटर अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4,000 रुपये है। बरामद शराब सहित आरोपी को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए राजकीय रेलवे पुलिस, कोटा के सुपुर्द कर दिया गया। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि रेलवे परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध सामग्री का परिवहन अथवा अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों में संलिप्त न हों। यदि किसी यात्री को रेलवे परिसर में कोई संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल अथवा रेलवे हेल्पलाइन के माध्यम से दें, ताकि सुरक्षित एवं अपराधमुक्त रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

सावर में अवैध बजरी खनन से लेकर भ्रष्टाचार तक के मुद्दे, कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था और पेयजल संकट को लेकर सरकार पर साधा निशाना

नदियों में अवैध खनन, ओवरलोड परिवहन,

स्मार्ट हलचल

सुरज वर्मा सावर में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जनसमस्याओं एवं कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर ग्रामीण की ओर से राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी सावर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, प्रशासनिक व्यवस्था और धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रघु शर्मा एवं जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ. विकास चौधरी के हस्ताक्षर से प्रस्तुत किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आमजन में रोष बढ़ रहा है।

नदियों में खुलेआम अवैध बजरी खनन का आरोप

ज्ञापन में कहा गया कि केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में डाई, खारी और बनास नदियों सहित स्थानीय नदी-नालों में कथित रूप से अवैध बजरी खनन किया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि खनन माफियाओं द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्रों से भी दिन-रात बजरी निकाली जा रही है, जिससे नदियों का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित हो रहा है और क्षेत्र का भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि यह गतिविधियां कथित तौर पर पुलिस प्रशासन, खनिज विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जानकारी में होने के बावजूद जारी हैं। कांग्रेस ने अवैध खनन पर तत्काल अंकुश लगाने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ओवरलोड वाहनों से हादसों का खतरा

कांग्रेस ने अवैध बजरी परिवहन को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि डंपरों एवं ट्रैक्टरों के माध्यम से ओवरलोड बजरी का परिवहन किया जा रहा है। ये वाहन आबादी क्षेत्रों से तेज गति से गुजरते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।कांग्रेस का आरोप है कि अवैध बजरी परिवहन के कारण कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राम मंदिर घोटाले की जांच की मांग

ज्ञापन में क्षेत्र में राम मंदिर से जुड़े कथित घोटाले का मुद्दा भी उठाया गया। कांग्रेस ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बेहद जरूरी है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मामले की शिकायतों के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस ने पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप

ज्ञापन में कांग्रेस ने केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भी प्रशासन को घेरा। आरोप लगाया गया कि पुलिस एवं राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों पर अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी रिश्वत मांगने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ज्ञापन में पिछले दो वर्षों में पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कथित शिकायतों एवं कार्रवाई की समीक्षा तथा भ्रष्टाचार के मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल

कांग्रेस ने विधानसभा क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को लेकर कहा कि कई विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं और विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में सरकार से रिक्त पदों को भरने तथा विद्यार्थियों को मूलभूत शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई।

अस्पतालों में चिकित्सकीय सुविधाओं की कमी का आरोप

केकड़ी स्थित जिला अस्पताल सहित विधानसभा क्षेत्र के अस्पतालों की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर भी कांग्रेस ने सवाल उठाए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कई अस्पतालों में चिकित्सकों एवं आवश्यक स्टाफ की कमी है तथा मशीनें और महंगे चिकित्सा उपकरण पर्याप्त उपयोग में नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर इलाज के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। ज्ञापन में अस्पतालों की व्यवस्थाओं की जांच और आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई।

बिसलपुर बांध के बावजूद पेयजल संकट

ज्ञापन में बिसलपुर बांध का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस ने कहा कि केकड़ी विधानसभा क्षेत्र के नजदीक बिसलपुर बांध होने के बावजूद क्षेत्र के कई गांवों और कॉलोनियों में पेयजल संकट बना हुआ है। कई स्थानों पर लंबे अंतराल के बाद पानी की आपूर्ति होने तथा दूषित पानी आने की शिकायत भी ज्ञापन में की गई। कांग्रेस ने पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने और नियमित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की।

पुलिस व्यवस्था पर भी गंभीर आरोप

ज्ञापन के एक बिंदु में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर आमजन में असंतोष है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में कथित रूप से प्रभावशाली लोगों को संरक्षण मिलने की शिकायतें सामने आई हैं। ज्ञापन में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष समीक्षा तथा आमजन को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की गई।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाने का आरोप

कांग्रेस ने पंचायत समिति के स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। ज्ञापन में कहा गया कि कुछ जनप्रतिनिधियों पर कथित रूप से दबाव बनाकर विकास कार्यों एवं प्रशासनिक निर्णयों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

कांग्रेस ने राज्यपाल से मांग की कि केकड़ी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अवैध बजरी खनन एवं परिवहन पर तत्काल रोक, कथित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच, शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था में सुधार तथा पेयजल सहित अन्य मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान कराया जाए।ज्ञापन में कहा गया कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

मिड डे मील में विद्यार्थियों को 'श्री कृष्ण भोग'योजना के तहत परोसी दाणा- पुड़ी

स्मार्ट हलचल

काछोला -राज्य में पीएम पोषण योजना में मिड डे मील में राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को भोजन कराने के साथ साथ आपसी सामंजस्य,सदभाव, विद्यालयों में ठहराव,नामांकन वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।वही आमजन को पीएम पोषण योजना कार्यक्रम से जोड़ने के लिए अनेक प्रकार के व्यक्तिगत,सामाजिक,पारिवारिक कार्यक्रमो को विद्यालय में आयोजित करने के लिए प्रेरित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा 'श्री कृष्ण भोग' योजना प्रारम्भ की गई है। इसको लेकर पीईईओ हीरा लाल शर्मा,प्राध्यापक जगदीश मंत्री,पंकज त्रिवेदी के सानिध्य में प्राथमिक विद्यालय में संस्था प्रधान मोहम्मद शाबिर सहित आदि ने श्री कृष्ण भोग योजना के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों को मिड डे मील में खाना परोसा। पंकज त्रिवेदी ने बताया कि वही प्राथमिक विद्यालय के मोहम्मद शाबीर रंगरेज के जन्मोत्सव और 46 दिन की मक्का मदीना के सकुशल हज यात्रा की खुशी पर दाणा,नमकीन, पुड़ी, दाल परोसी गई। प्रभारी संजु बलाई ने बताया की यह एक सामुदायिक भागीदारी कार्यक्रम है और स्कूल में पढ़ने वाले 102 विद्यार्थियों को पौष्टिक और स्वस्थ भोजन प्रदान करते है।किसी भी दान दाता, भामाशाह,शिक्षक की शादी की सालगिरह,जन्म दिन,राष्ट्रीय पर्व हो या विद्यार्थी के जन्म दिन या ऐसे कोई भी खुशी के आयोजन पर श्री कृष्ण भोग योजना के तहत विद्यालयों में विद्यार्थियों को खाना परोसा जा सकता है। इस अवसर पर मोहम्मद शाबिर रँगरेज,पंकज त्रिवेदी,दुर्गा देवी बलाई,संजु बलाई, टीना कुमारी तेली,उदय नाथ,गीता देवी,सिमा देवी,ममता देवी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्तिथ थे।

समीक्षा बैठक आयोजित मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

वी.श्रीनिवास ने वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त राशि का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में राज्य में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से संचालित बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं (एक्सटर्नली एडेड प्रोजेक्ट्स) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में वर्ल्ड बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी), जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) तथा न्यू डेवलपमेंट बैंक सहित विभिन्न वैश्विक वित्तीय संस्थाओं के सहयोग से संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में सड़क अवसंरचना, ऊर्जा, पेयजल, जल संसाधन, ड्रेनेज, स्वच्छता, पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी कार्यकारी एजेंसियां एवं संबंधित विभाग परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए वित्तीय संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। उन्होंने परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा लंबित कार्यों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। श्रीनिवास ने सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा स्वायत्त शासन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिन विभागों ने उत्कृष्ट कार्य किया है, उनकी बेस्ट प्रैक्टिसेज को अन्य विभाग भी अपनाएं। उन्होंने वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त राशि का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य के बजट पर अनावश्यक वित्तीय भार न पड़े। बैठक में वित्त विभाग के प्रमुख

शासन सचिव श्री वैभव गालरिया ने बताया कि स्वायत्त शासन, जल संसाधन, वन, सार्वजनिक निर्माण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ऊर्जा, नगरीय विकास एवं आवासन तथा वित्त विभाग से संबंधित 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की 12 परियोजनाएं प्रगतिरत हैं। इसके अतिरिक्त 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की 4 परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन श्री अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन श्री आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण श्री प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवासन श्री आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी श्री हेमंत कुमार गेरा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

माटी कला बोर्ड के साथ अंतर्विभागीय समन्वय बैठक संपन्न

राजस्थान री माटी को मिलेगी अंतर्राज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान

जयपुर(नि.सं.)। श्री यादे माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में उद्योग भवन में माटीकला आर्टिजन के समग्र विकास एवं विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से अन्तर-विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक ने की तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. राहुलराज के संयोजन में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य के 24 विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में माटीकला आर्टिजन को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान शिल्पकार (आर्टिजन) कार्ड, मेले एवं प्रदर्शनियों में सहभागिता, क्लस्टर विकास, सामान्य सुविधा केंद्र (कॉमन फैसिलिटी सेंटर-CFC), आधुनिक तकनीक, विद्युत भट्टी, उत्पादों के विपणन, कौशल प्रशिक्षण तथा वित्तीय सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

न्यूज इन बॉक्स

जयपुर में 8 अगस्त को होगा सतरंगी सावन लहरिया उत्सव

सावन क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस और बेस्ट मेहंदी कॉम्पिटिशन होंगे, विजेताओं को दिए जाएंगे पुरस्कार

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर के राजा पार्क स्थित होटल क्लिक में 8 अगस्त को नृत्यम फाउंडेशन और नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन की ओर से 'सतरंगी सावन' लहरिया उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 1 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में सावन क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस और बेस्ट मेहंदी समेत कई प्रतियोगिताएं होंगी। विभिन्न आयु वर्ग की महिलाएं पारंपरिक लहरिया परिधान पहनकर अपनी प्रस्तुति देंगी।

आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक भीम सिंह कासनिया होंगे। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा और आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में शर्मा जी ज्वैलरी वाले और ज्वेलरी डिजाइनर प्रज्ञा टिबरीवाल का विशेष सहयोग रहेगा। उनकी ओर से विजेताओं को उपहार भी दिए जाएंगे।

डिजिटल अंगदान प्रतिज्ञा अभियान में भीलवाड़ा प्रदेश में प्रथम, राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित

24 हजार से ज्यादा जिलेवासियों ने ली अंगदान प्रतिज्ञा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य स्तरीय समारोह में प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर जिला कलेक्टर को प्रदान किया सम्मान

भीलवाड़ा। डिजिटल अंगदान प्रतिज्ञा (Digital Organ Donation Pledge) अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 24 हजार से ज्यादा जिलेवासियों द्वारा अंगदान प्रतिज्ञा लेने पर राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भीलवाड़ा जिले को बुधवार को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (SOTTO), जयपुर द्वारा एसएमएस मेडिकल कॉलेज के न्यू एकेडमिक ब्लॉक ऑडिटोरियम में आयोजित भारतीय अंगदान दिवस राज्य स्तरीय समारोह में जिले की इस उपलब्धि का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर यह सम्मान प्रदान किया।

शासन सचिवालय स्थित पंचायती राज विभाग के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक

ग्रामीण क्षेत्रों में 15 अगस्त से सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विरुद्ध राज्यव्यापी विशेष अभियान शुरू होगा: दिलावर

जयपुर(नि.सं.)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर्यावरण, पशुधन और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वित प्रयास करते हुए प्लास्टिक मुक्त राजस्थान के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में ठोस और परिणाममुखी कार्य करें। उन्होंने ये निर्देश शासन सचिवालय स्थित पंचायती राज विभाग के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में पंचायती राज राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी भी उपस्थित रहे। मंत्री दिलावर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए 30 सितंबर तक पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह नीति भविष्य में प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण तथा उसके विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से राज्यभर के ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करने के लिए विशेष जनजागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया जाए।

अभियान में पंचायती राज संस्थाओं, ग्राम पंचायतों तथा सभी संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि जनसहभागिता के माध्यम से इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। दिलावर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पॉलिसी तैयार होती है, तब तक वर्तमान में लागू नियमों एवं कानूनी प्रावधानों के तहत सिंगल यूज़ प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री एवं उपयोग के विरुद्ध नियमित निरीक्षण कर प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई की जाए।

राष्ट्रीय एकता शिविर

राष्ट्रीय एकता शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन, के लिए सनी को मिला गोल्ड मेडल

जयपुर(नि.सं.)। राजा रामदेव पोदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधी नगर के छात्र सनी, पुत्र श्री गिरेन्द्र सिंह ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सनी ने महेन्द्र गढ़ हरियाणा में आयोजित (राष्ट्रीय एकता शिविर) में सहभागिता की। उत्कृष्ट सहभागिता एवं प्रदर्शन के लिए उन्हें गोल्ड मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एनएसएस विद्यार्थियों में सामुदायिक सेवा एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों का मंच है। आज विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य लक्ष्मी नारायण झा ने सनी को गोल्ड मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप अग्रवाल, श्रीमती योगमाया, श्री राजेश कुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।विद्यालय परिवार ने सनी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सनी की उपलब्धि ने विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों का भी गौरव बढ़ाया है।

चित्तौड़गढ़ में तीसरे दिन अफीम किसानों का आमरण अनशन खत्म

डोडाचूरा विवाद पर बनी सहमति, नष्टीकरण आदेश पर फिलहाल रोक का आश्वासन

चित्तौड़गढ़ (वि.सं.)। डोडाचूरा नष्टीकरण के मुद्दे पर पिछले तीन दिनों से चल रहा राष्ट्रीय अफीम किसान संघ का आमरण अनशन बुधवार को खत्म हो गया। सरकार और किसानों के बीच हुई बातचीत के बाद फिलहाल विवाद टल गया है। चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से बातचीत की और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ चर्चा की। बातचीत में आश्वासन दिया गया कि डोडाचूरा नष्टीकरण को लेकर जारी आदेश को वापस लेने की बात आगे तक पहुंचाई जाएगी और जब तक सरकार व किसानों के बीच मुआवजे और अन्य मुद्दों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता।

अवैध मदिरा पर प्रभावी कार्रवाई

आबकारी आयुक्त के निर्देशन में प्रदेश में अवैध मदिरा पर प्रभावी कार्रवाई

जयपुर(नि.सं.)। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी निरोधात्मक गतिविधियों के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए हजारों लीटर वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज किए गए।

अवैध मदिरा पर कार्रवाई

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा व बेगूं में आबकारी निरोधक दल की दबिश कार्रवाई में एक हजार लीटर वॉश नष्ट कर 15 लीटर अवैध हथकड़ मदिरा जब्त की गई। साथ ही एक बिना नंबर की मोटरसाईकिल से 62 पव्वे हथकड़ शराब के जब्त करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। बीकानेर जोन में होटल, ढ़ाबों की चैकिंग एवं दबिश कार्रवाई के तहत बीकानेर शहर, श्रीगंगानगर, संगरिया, नोहर, चूरू, रायसिंहनगर, सूरतगढ़ में ईपीएफ टीम ने 1800 लीटर वॉश एव 5 भट्टियां नष्ट करते हुए बीयर 27 बोतल, देशी शराब 54 पव्वे,

हथकड़ शराब 34 लीटर जब्त करते हुए 7 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जयपुर ग्रामीण आबकारी टीम ने चाकसू क्षेत्र के ग्राम माधोगढ़, तुंगा, बगरियां, नारायण बाबा की ढाणी, ढूंढ नदी क्षेत्र में कार्रवाई कर 25 हजार लीटर वॉश सहित 15 भट्टियां मय उपकरण नष्ट की । साथ ही 70 लीटर अवैध हथकड़ शराब भी जब्त की गई। केकड़ी में दबिश की कार्रवाई में 200 लीटर वॉश नष्ट कर 2 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई। आबकारी थाना क्षेत्र ब्यावर में ईपीएफ टीम ने 400 लीटर वॉश सहित 3 पुरानी भट्टियां नष्ट कर 6 बोतल हथकड़ शराब जब्त की।

सर्विस रिवॉल्वर से घायल एसएचओ की मौत

कनपटी से गोली आर-पार हुई, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 157 किमी दूर उदयपुर पहुंचाया था

भीलवाड़ा(वि.सं.)। भीलवाड़ा के सदर थाना प्रभारी (CI) लोकपाल सिंह (38) की बुधवार सुबह इलाज के दौरान उदयपुर में मौत हो गई। मंगलवार शाम (4 अगस्त) नेहरू विहार स्थित अपने घर पर नाकाबंदी ड्यूटी के लिए वर्दी पहनते समय अचानक उनकी सर्विस रिवॉल्वर से गोली चल गई। गोली उनकी कनपटी में लगकर सिर के आर-पार निकल गई। हादसे के बाद गंभीर हालत में उन्हें भीलवाड़ा से 157 किलोमीटर दूर उदयपुर के गीतांजलि हॉस्पिटल के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर शिफ्ट किया गया था। यहां वेंटिलेटर सपोर्ट पर रहे। इलाज के दौरान उन्होंने करीब 4 बजे दम तोड़ दिया।

अशोक गहलोत का हमला

गहलोत के जोधपुर दौरे पर शेखावत बोले-:मैं अभी आया हूं, मुझे कोई तिलिस्म नहीं दिख रहा

पंचायत-निकाय चुनाव पर कहा-कमल खिलेगा

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एक दिन के दौरे पर आज जोधपुर आए हैं। वे ग्रामीण क्षेत्र के अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इससे पहले पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी जोधपुर दौर पर रहें। मीडिया से बात करते हुए शेखावत ने गहलोत के दौर पर कहा कि 'मैं तो अभी आया हूं, मुझे कोई तिलिस्म दिख नहीं रहा' प्रदेश में होने वाले आगामी पंचायती राज

और स्थानीय निकाय चुनाव पर भी शेखावत ने बात की। उन्होंने कहा- चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत होगी। सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में विकास की एक नई धारा बही है। भाजपा का पूरा संगठन एकजुट होकर पूरी गंभीरता से इन चुनावों की तैयारी कर रहा है। राजस्थान की जनता का पूरा आशीर्वाद एक बार फिर भाजपा को मिलेगा।

शेखावत बोले: फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से मिलेगा फायदा

शेखावत ने भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को देश और विशेषकर राजस्थान के आर्थिक विकास के लिए मील का पत्थर बताया है। शेखावत ने कहा कि भारत और यूके के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्नदाताओं के लिए संकटमोचक बनी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

देश में सबसे अधिक राजस्थान में हुआ एक करोड़ हेक्टेयर फसली क्षेत्र का बीमा

- **प्रदेश के 62 लाख 58 हजार किसानों की मजबूत ढाल बनी योजना**
- **डबल इंजन सरकार की नीतियों का दिख रहा असर**

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन हुआ है। इसके माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसम के कारण फसल को हुए नुकसान की स्थिति में लाखों किसानों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। राजस्थान में देश में सबसे अधिक लगभग 62 लाख 58 हजार किसानों को योजना में नामांकित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में राज्य के लगभग 2 करोड़ 82 लाख हेक्टेयर सकल फसली क्षेत्र में 1 करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को योजना के अंतर्गत बीमित

किया गया है, जो देश में सर्वाधिक है। राज्य के कुल फसली क्षेत्र में बीमित क्षेत्र 36 प्रतिशत है, जो देश के औसत 32 प्रतिशत से बेहतर है। यह प्रतिशत झारखंड और छत्तीसगढ़ के बाद सबसे अधिक है।

राजस्थान में हुआ व्यापक फसल बीमा कवरेज: राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में वर्ष 2025-26 में चूरू में 13 लाख 35 हजार हेक्टेयर से अधिक, बाड़मेर में 11 लाख 48 हजार हेक्टेयर व बीकानेर में 9 लाख 27 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को बीमित किया गया है। चूरू में 77 प्रतिशत, बाड़मेर में 69 प्रतिशत और नागौर में 47 प्रतिशत सकल फसली क्षेत्र का बीमा कवरेज हुआ है।

अन्नदाताओं को किया 18 हजार 189 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान

राज्य में वर्ष 2025-26 तक गत पांच वर्षों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं

शिष्टाचार मुलाकात

पीएम मोदी के बाद लोकसभा स्पीकर से मिले नीतीश कुमार

राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज

पटना (एजेंसी)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में ओम बिरला से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से शेयर करते हुए बताया कि संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष से सौहार्दपूर्ण भेंट हुई। हालांकि, मुलाकात के दौरान किन विषयों पर चर्चा हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। पूर्व सीएम नीतीश कुमार की यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब बिहार की राजनीति में हाल के घटनाक्रमों को लेकर लगातार चर्चाओं का दौर जारी है। राजनीतिक जानकार इस मुलाकात को सामान्य शिष्टाचार भेंट मान रहे हैं, वहीं इसके समय को लेकर भी विभिन्न तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इससे पहले बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी। उस मुलाकात के बाद बिहार की राजनीतिक परिस्थितियों और राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने की अटकलें लगाई गई थीं। हालांकि, प्रधानमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री की उस बैठक के संबंध में भी कोई विस्तृत आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई थी। अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुख्यमंत्री की शिष्टाचार भेंट को भी राजनीतिक हलकों में अहम माना जा रहा है। संसद भवन में हुई इस मुलाकात की तस्वीरें सामने आने के बाद इसे लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, जदयू की ओर से इसे पूरी तरह औपचारिक और शिष्टाचार मुलाकात बताया जा रहा है।

ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक

पेड़ लगाएं ही नहीं, उनका बाद में संरक्षण भी करें : हरिभाऊ बागडे

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी और वीबी-जीरामजी के तहत राजस्थान में हुए कार्यों की सराहना की

गांवों का विकास बने हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को लोकभवन में ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गाँवों के प्रभावी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी और वीबी-जीरामजीके तहत राजस्थान में हुए कार्यों के प्रस्तुतीकरण को देखकर इनके तहत हो रही उपलब्धियों की विशेष रूप से सराहना की। राज्यपाल ने गांवों में हस्तकलाओं, कौशल विकास से जुड़े कार्यों के प्रशिक्षण के लिए समुचित व्यवस्था किए जाने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने लखपति दीदी योजना, हर घर नल, सभी गांवों में शतप्रतिशत शौचालय के अंतर्गत हुए कार्यों की भी बैठक में विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने जीरामजी के अंतर्गत लोगों को काम देने और इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग किए जाने पर भी जोर दिया। श्री बागडे ने मानसून में अधिक से अधिक पौधारोपण किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाएं ही नहीं, यह भी सुनिश्चित करें कि वे लगने के बाद जिंदा रहे। उन्होंने राजसमंद के पिपलांत्री गांव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह से वहां पौधे लगाए गए हैं और उनका संरक्षण किया गया है, उसी तरह दूसरे गांवों में भी वृक्षारोपण के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने गांवों में पीने के पानी की प्रभावी व्यवस्था करने पर भी जोर दिया।

संपर्क पोर्टल 181 का निरीक्षण

गृह विभाग की संयुक्त शासन सचिव ने किया राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 का निरीक्षण

प्रारंभिक स्तर पर ही शिकायतों का हो निस्तारण

जयपुर(नि.सं.)। आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान के लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में गृह विभाग के संयुक्त शासन सचिव अंजलि राजोरिया ने मंगलवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आमजन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा संतुष्टि स्तर में वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संयुक्त शासन सचिव ने निरीक्षण के दौरान सभी स्तर के अधिकारियों को सजगतापूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विशेष रूप से लेवल-1 के अधिकारियों को पाबंद करते हुए कहा कि शिकायतों को उच्च स्तर पर प्रेषित करने के बजाय प्रारंभिक स्तर पर ही उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल समय की बचत होगी, अपितु आमजन को निर्धारित समय-सीमा के भीतर समुचित राहत भी मिल सकेगी।

विशिष्ट प्रकरणों में मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश

निरीक्षण के दौरान श्रीमती राजोरिया ने पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण मामलों में तत्काल संज्ञान लिया और मौके पर ही कार्रवाई सुनिश्चित करवाई। उन्होंने निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े इस संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। निरीक्षण के समापन पर गृह संयुक्त शासन सचिव ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल राज्य सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है और आमजन को समय पर न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

न्यूज ब्रीफ

दिव्यांग बच्चों का प्रदर्शन, बोले- स्कूल में पानी तक नहीं

गहलोत बोले- ऐसे टीचर्स की नियुक्ति, जिन्हें खुद साइन लैंग्वेज नहीं आती; प्रिंसिपल को हटाया,टीचर APO

जयपुर (नि.सं.)। जयपुर के राजकीय सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक-बधिर उच्च माध्यमिक स्कूल में आज हंगामा हो गया। दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने स्कूल में शौचालयों की बदहाल स्थिति, पानी का संकट और जर्जर भवन की समस्या से परेशान होकर प्रदर्शन किया। मामले की सूचना पर शिक्षा विभाग की टीम, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी स्कूल पहुंचे। गहलोत ने कहा कि बच्चों की समस्या को लेकर मैं खुद सीएम भजनलाल शर्मा को पत्र लिखूंगा। उन्हें बताऊंगा कि स्कूल में ऐसे टीचर्स की नियुक्ति की गई है, जिन्हें खुद साइन लैंग्वेज नहीं आती है।

राज्य के विभिन्न जिलों में वाणिज्यिक कर विभाग की कार्रवाई, निर्माण एवं रेस्टोरेंट क्षेत्र में कर अनियमितताओं के कई मामले उजागर

जयपुर(नि.सं.)। कर चोरी, अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) तथा अन्य कर अनियमितताओं के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के तहत वाणिज्यिक कर विभाग ने जयपुर, जोधपुर एवं जैसलमेर में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सर्वे एवं जांच कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में निर्माण (कंस्ट्रक्शन), वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट तथा रेस्टोरेंट क्षेत्र से जुड़े कई मामलों में कर कानूनों के उल्लंघन के संकेत मिले हैं। जयपुर के अजमेर रोड स्थित रोडलिंक इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड पर की गई कार्रवाई के दौरान प्रारंभिक जांच में पात्रता से अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट का उपयोग, अपात्र (ब्लॉक्ड) आईटीसी का लाभ लेने तथा करमुक्त एवं करयोग्य सेवाओं से संबंधित आईटीसी के समुचित समायोजन में अनियमितताओं के संकेत मिले। कार्रवाई के दौरान करदाता ने लगभग एक करोड़ रुपये की कर राशि स्वेच्छा से जमा कराई। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

स्पीकर देवनानी से असम विधानसभा अध्यक्ष दास ने की शिष्टाचार भेंट

राजस्थान विधान सभा भवन, सदन, संग्रहालय बहुत सुन्दर : दास

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में असम राज्य के विधानसभा अध्यक्ष श्री रणजीत कुमार दास का दुपट्टा ओढाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। श्री दास की विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से यह शिष्टाचार भेंट थी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत 6,139 नए आवासों को मिली स्वीकृति

153.47 करोड़ रु. की सरकारी सहायता स्वीकृत, मुख्य सचिव ने गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 6,139 नए बेनिफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन (बीएलसी) आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन आवासों के लिए 153.47 करोड़ रुपये की सरकारी सहायता स्वीकृत की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के अंतर्गत निर्माण प्रारंभ नहीं हो सके 6,593 आवासों के संबंध में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगे की कार्यवाही पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि पात्र शहरी परिवारों को समय पर गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत आवासों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराया जाए तथा योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि बेनिफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन (बीएलसी) और अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) के अंतर्गत अपनाई गई श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को सभी शहरी निकायों में प्रभावी रूप से अपनाया जाए, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक समय पर पहुंच सके। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को आवास निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपये की सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। स्वीकृत सभी आवासों के लिए प्रथम किस्त के रूप में लगभग 61 करोड़ रुपये जारी किए जाने है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवासन श्री आलोक गुप्ता, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग श्री रवि जैन सहित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, राजस्व एवं उपनिवेशन, वित्त, ऊर्जा, मुख्य नगर नियोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक तथा रुडसिको के कार्यकारी निदेशक एवं मिशन निदेशक (पीएमएवाई-यू) सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

'कॉकरोच जनता पार्टी

अभिजीत दीपके बोले- पॉलिटिकल पार्टी नहीं बनाएंगे कॉकरोच जनता पार्टी प्रेशर ग्रुप की तरह काम करेगी



देश को जन-आंदोलन की जरूरत

संभाजीनगर (एजेंसी)। CJP फाउंडर अभिजीत दीपके ने बुधवार को कहा, 'कॉकरोच जनता पार्टी यानी CJP फिलहाल राजनीतिक पार्टी नहीं बनेगी। अभी भारत को एक मजबूत प्रेशर ग्रुप की जरूरत है, इसलिए कॉकरोच पार्टी उसी भूमिका में काम करेगी। दीपके ने कहा, 'अगर हम राजनीतिक पार्टी बनाते, तो हमारा आंदोलन सफल नहीं होता। आंदोलन इसलिए सफल हुआ, क्योंकि अलग-अलग विचारधाराओं और राजनीतिक दलों के लोग लोकतंत्र को कमजोर करने वाली चीजों के खिलाफ एक साथ आए। आज भारत को किसी नई राजनीतिक पार्टी की नहीं, बल्कि एक मजबूत जन आंदोलन की जरूरत है।' महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में CJP की आज से दो दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। बैठक से पहले मीडिया से बातचीत में दीपके ने बताया कि इसमें जंतर-मंतर आंदोलन की समीक्षा, ई-20 पेट्रोल, शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि संगठन को देशभर में कैसे मजबूत किया जाए।

दीपके बोले- झारखंड के प्रदर्शन में जाएंगे, 3 बड़ी बातें

हमारे आंदोलन को सिर्फ शिक्षा के मुद्दे पर समर्थन नहीं मिला। लोगों ने इसलिए साथ दिया, क्योंकि राजनीतिक व्यवस्था, न्यायपालिका, मीडिया और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर उनका भरोसा कम हो गया है।

प्रबुद्धजन सम्मेलन में अखिलेश बोले, भाजपा ने राम मंदिर से लेकर जनता के भरोसे तक को नुकसान पहुंचाया

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को राम मंदिर के कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण, कानून-व्यवस्था, किसानों को खाद की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं और सड़क निर्माण समेत कई मुद्दों पर योगी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और जनविश्वास का संकट गहराया है तथा आस्था से जुड़े मामलों में भी सरकार जवाबदेही से बच रही है। जनेश्वर मिश्र की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिलेश ने अयोध्या के कथित चढ़ावा चोरी मामले को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के नाम पर मिलने वाले चढ़ावे में कथित गड़बड़ी बेहद गंभीर मामला है।

देश जल्द ही पहली बार एक महिला को प्रधान न्यायाधीश के पद पर देखेगा: अर्जुन राम मेघवाल

नई दिल्ली । राज्यसभा में बुधवार को उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा हुई। यह विधेयक लोकसभा से पहले ही पारित हो चुका है। चर्चा के उपरांत विधायक को लौटने की कार्यवाही सदन में पूरी की गई। वहीं चर्चा के दौरान कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने सदन से वॉकआउट किया। वहीं दूसरी ओर कई गैर-एनडीए दल इस चर्चा में शामिल हुए। इस दौरान सदन में केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि देश जल्द ही पहली बार एक महिला को भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद पर देखेगा। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य न्याय को अधिक सुलभ और सर्वसुगम बनाना है।

दवाइयों की गुणवत्ता जांचने के लिए जुलाई माह में 587 दवा नमूनों की जांच की

जयपुर(नि.सं.)। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य में आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औषधि नियंत्रण संगठन द्वारा दवाओं की गुणवत्ता की नियमित निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी द्वारा जुलाई 2026 के दौरान बाजार में उपलब्ध प्राप्त दवा नमूनों की जांच की गई। राठौड़ ने बताया कि जुलाई माह में कुल 587 दवा नमूनों का परीक्षण किया गया। इनमें से 579 नमूने (98.64 प्रतिशत) निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि 8 नमूने (1.36 प्रतिशत) नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी श्रेणी में पाए गए। उन्होंने बताया कि एनएसक्यू पाए गए नमूनों में सेफिक्सिम विद लैक्टिक एसिड बैसिलस टैबलेट्स, निफेडिपिन सस्टेन्ड रिलीज टैबलेट्स, फॉर्मल्डिहाइड सॉल्यूशन, बेटामेथासोन सोडियम फॉस्फेट इंजेक्शन, मेट्रोनिडाजोल टैबलेट्स, सेफिक्सिम एवं ओफ्लॉक्सासिन डिस्पर्सिबल टैबलेट्स, टैपेंटाडोल हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट तथा लेवोसेटिरिजिन डाइहाइड्रोक्लोराइड टैबलेट्स शामिल हैं। ये नमूने विभिन्न राज्यों के औषधि निर्माताओं से संबंधित हैं।

आयुक्त,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण ,डॉ.टी.शुभमंगला ने बताया कि एनएसक्यू घोषित किए गए नमूनों के संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है ।

जनआंदोलन से जीतेंगे टीबी की जंग

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में टीबी मुक्त होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा राजस्थान

हैंड हेल्ड एक्स-रे और नाट मशीनों के नेटवर्क से गांव-गांव पहुंच रही अत्याधुनिक जांच सुविधा

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तकनीकी नवाचार, समयबद्ध उपचार और व्यापक जनभागीदारी से टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने टीबी उन्मूलन के लिए आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, माइक्रोबायोलॉजिकल जांच नेटवर्क तथा समुदाय आधारित सक्रिय खोज अभियान को एकीकृत कर बहु-आयामी रणनीति लागू की है। इसके चलते प्रदेश में टीबी की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण जांच तथा उपचार तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार आया है। इससे टीबी के प्रत्येक संभावित मरीज की पहचान कर संक्रमण की श्रृंखला को समाप्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कहना कि 'टीबी मुक्त राजस्थान' केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन के सहयोग से संचालित जनआंदोलन है। राजस्थान टीबी की जंग हर हाल में जीतेगा। सरकार प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ जांच व्यवस्था, व्यापक जनभागीदारी तथा स्वास्थ्य विभाग के सतत प्रयासों से राजस्थान शीघ्र ही टीबी मुक्त हो सकेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेशभर में टीबी उन्मूलन की गतिविधियों को मिशन मोड में क्रियान्वित किया गया है। राज्य में वर्तमान में 137 हैंड हेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीनों के माध्यम से ग्राम पंचायत एवं प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थान स्तर तक विशेष स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन पोर्टेबल मशीनों के कारण दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी मौके पर ही चेस्ट एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध हो रही है, जिससे संभावित टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान संभव हो रही है। साथ ही, प्रदेश में 643 नाट मशीनों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया गया है, जिससे संदिग्ध मरीजों की त्वरित एवं उच्च गुणवत्ता वाली माइक्रोबायोलॉजिकल जांच सुनिश्चित हो रही है। इससे टीबी की पुष्टि कम समय में संभव होने के साथ-साथ दवा ड्रग रेजिस्टेंट टीबी की पहचान भी तेजी से हो रही है और मरीजों का उपचार शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

लंका प्रीमियर लीग

जफना की टीम को मिला खरीदार, 610 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज जहीर खान बने मालिक

नई दिल्ली। लंका प्रीमियर लीग की जाफना फ्रेंचाइजी को स्टॉकहोम के ग्लोबल स्पोर्ट्स ओनरशिप ग्रुप एंकर स्पोर्ट्स एबी ने खरीद लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 610 विकेट लेने वाले भारत के पूर्व तेज गेदबाज जहीर खान इस फ्रेंचाइजी के को-ओनर हैं। जाफना किंग्स के नाम से जानी जाने वाली फ्रेंचाइजी का नाम

फिशियली 'एंकर जाफना किंग्स' हो गया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार एंकर स्पोर्ट्स के मालिक नागेंद्र सिद्धैतम ने जहीर के साथ मिलकर ग्लोबल क्रिकेट में ग्रुप के लगातार विस्तार के तौर पर फ्रेंचाइजी संभाली है। एंकर स्पोर्ट्स पहले से ही यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (बेल्जियम) में एंटवर्प एंकर्स और कनाडा की सुपर 60 लीग में वैंकूवर एंकर्स पुरुष और महिला टीमों का मालिक है। जाफना अभी एलपीएल पॉइंट्स टेबल में टॉप 2 में है।

स्पोर्ट्स कम्यून के साथ फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट खत्म- श्रीलंका क्रिकेट (SLC) और लंका प्रीमियर लीग (LPL) के राइट्स होल्डर इनोवेटिव प्रोडक्शन ग्रुप (IPG) ने 23 जुलाई को जाफना किंग्स के मालिक स्पोर्ट्स कम्यून के साथ फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट खत्म कर दिया था। यह कदम उठाया गया था क्योंकि फ्रेंचाइजी समझौते के अनुसार अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर पाई थी।

खिलाड़ियों और स्टाफ को सैलरी भी नहीं दी गई- क्रिकइन्फो ने बताया था कि स्पोर्ट्स कम्यून स्पॉन्सरशिप फंड बांटने में विफल रहा, जिसकी वजह से 22 जुलाई को मैच के दौरान खिलाड़ी अपनी जर्सी पर स्पॉन्सर लोगो को काले टेप से ढककर मैदान में उतरे। खिलाड़ियों और स्टाफ को सैलरी भी नहीं दी गई।

पाकिस्तान-वेस्टइंडीज

बाबर शतक से चूके, 4 साल का सूखा नहीं हुआ खत्म

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शतक से चूक गए। पोर्ट ऑफ स्पेन टेस्ट के तीसरे दिन 2 रन जोड़ने के बाद बाबर रन आउट हो गए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक उन्होंने 86 रन बनाए थे। इस तरह से बाबर शतक पूरा नहीं कर पाए और 4 साल का सूखा खत्म नहीं हो सका।

बाबर आजम टेस्ट में 2022 के बाद से शतक नहीं जड़ सके हैं। 2023 से 2026 के बीच 34

पारियां खेल ली हैं, लेकिन शतक नहीं जड़ सके हैं। इस दौरान उन्होंने 7 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 88 है, जो उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में बनाया।

बाबर आजम का 2026 में प्रदर्शन- बाबर आजम के लिए 2026 अच्छा रहा है। उन्होंने 5 पारियों में तीन अर्धशतक जड़े हैं। उन्होंने साल की शुरुआत ही अर्धशतक से की थी। सिलहट में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने 68 रनों की पारी खेली थी। दूसरी पारी में उन्होंने 47 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 23 रन बनाए। दूसरी पारी में नाबाद 58 रन बनाए।

बाबर आजम ने दिसंबर 2022 में लगाया था 9वां शतक- इसके बाद बाबर आजम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 88 रनों की पारी खेली। बाबर आजम ने 64 मैच की 117 पारियों में 43.45 के औसत से 4650 रन बनाए हैं। इसमें 9 शतक और 33 अर्धशतक शामिल हैं।

भारतीय टीम कोलंबो पहुंची

साई सुदर्शन की उपलब्धता पर संशय, CoE में ही है भारतीय बल्लेबाज

नई दिल्ली। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए (4 अगस्त) को कोलंबो पहुंच गई थी, लेकिन टीम में शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन शामिल नहीं थे।

सुदर्शन यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में मेडिकल स्टाफ की देखरेख में चोट से उबर रहे हैं। भारतीय टीम 15 अगस्त से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए गॉल जाने से पहले सात अगस्त से कोलंबो के नॉनडेस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब में तीन दिन का अभ्यास मैच खेलेगी।

हर्षित राणा जैसी स्थिति नहीं चाहते

सुदर्शन को हाल ही में भारत ए के श्रीलंका दौरे के दौरान यह चोट लगी थी। सूत्र ने कहा, 'यह पक्का करना जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटने से पहले वह पूरी तरह फिट हो जाएं। हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते जैसी हर्षित राणा के साथ हुई थी जो शीर्ष स्तर के क्रिकेट में लौटने के तुरंत बाद फिर से चोटिल हो गए थे।'

- **सुदर्शन दूसरे मैच के लिए उपलब्ध हो सकते हैं-** दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा और मेडिकल स्टाफ को उम्मीद है कि सुदर्शन उस मैच के लिए टीम के साथ जुड़ सकेंगे क्योंकि उन्होंने सीओई में नेट पर बल्लेबाजी शुरू कर दी है। साई सुदर्शन सीरीज से बाहर हो जाते हैं तो देवदत पडिक्कल को प्लेइंग 11 में मौका मिल सकता है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए महत्वपूर्ण सीरीज में भारतीय टीम को जसप्रीत बुमराह की भी सेवाएं नहीं मिलेंगी। पहले टेस्ट में वाशिंगटन सुंदर भी उपलब्ध नहीं होंगे।

वर्ल्ड चैंपियन जॉर्जीव के खिलाफ ओवैस याकूब की जीत पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने दी बधाई, बोले-

देश के लिए यह गर्व का क्षण है

श्रीनगर (एजेंसी)। भारत के मिक्सड मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी ओवैस याकूब ने शनिवार को बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो बार के वर्ल्ड चैंपियन और अजेय फाइटर डेलियन जॉर्जीव को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ओवैस याकूब को इस खास जीत के लिए बधाई दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जम्मू-कश्मीर मुख्यमंत्री के आधिकारिक पेज पर बताया गया, 'मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के प्रतिभाशाली एमएमए फाइटर ओवैस याकूब को बुल्गारिया में ब्रेव कॉम्बैट फेडरेशन 107 में मिली शानदार जीत पर बधाई दी, जहां उन्होंने दो बार के आईएमएमएएफ वर्ल्ड चैंपियन को हराया, जो अब तक अजेय थे। इस उपलब्धि को जम्मू-कश्मीर और देश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए मुख्यमंत्री ने उनके निरंतर सफल होने और वैश्विक मंच पर और भी कई उपलब्धियां हासिल करने की कामना की।' ओवैस याकूब ने 68 किलोग्राम के कैचवेट मुकाबले में बुल्गारिया के जॉर्जीव को तकनीकी नॉकआउट के जरिए शिकस्त दी। याकूब जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के रहने वाले हैं और उन्होंने जॉर्जीव को हराने के लिए सिर्फ 4 मिनट का समय लिया। यह जॉर्जीव के करियर की पहली हार रही। वहीं, याकूब ने अपने लगातार छह मैच जीतने के रिकॉर्ड को और आगे बढ़ाया है। याकूब ने शुरुआत से ही बुल्गारिया के फाइटर के खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखा और उन्हें वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया।

ओवैस याकूब के प्रहारों का जॉर्जीव के पास कोई जवाब नहीं था और वह पूरे मुकाबले में बैकफुट पर ही दिखाई दिए। याकूब ने रिंक में उतरने के साथ ही भविष्यवाणी की थी कि वह इस मैच का अंत पहले राउंड में ही कर देंगे। भारतीय एमएमए फाइटर अपनी भविष्यवाणी को दमदार प्रदर्शन के बूते सही साबित करने में भी सफल रहा। मैच खत्म होने के तुरंत बाद याकूब रिंग की जाली के ऊपर जाकर जीत का जश्न मनाते हुए नजर आए। इस जीत को भारतीय एमएमए के इतिहास में सबसे बड़ी जीत माना जा रहा है।

सुपर ओवर में हुआ न्यू दिल्ली टाइगर्स-आउटर दिल्ली वॉरियर्स मैच का फैसला

हिम्मत सिंह की टीम हारी

नई दिल्ली। दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 में मंगलवार (4 अगस्त) को न्यू दिल्ली टाइगर्स और आउटर दिल्ली वॉरियर्स के बीच मैच टाई रहा। सुपर में दिल्ली वॉरियर्स को जीत मिली। न्यू दिल्ली टाइगर्स के कप्तान हिम्मत सिंह की तूफानी अर्धशतकीय पारी खराब हो गई। बारिश के कारण मैच 15 ओवर का कर दिया गया। न्यू दिल्ली टाइगर्स ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 156 रन बनाए। लक्ष्य थरेजा और हिम्मत सिंह अर्धशतकीय पारी खेली। आउटर दिल्ली वॉरियर्स के लिए कप्तान सिद्धांत शर्मा ने 2 विकेट झटके। आउटर दिल्ली वॉरियर्स को डकवर्थ लुईस स्ट्रेन नियम के तहत 156 रनों का लक्ष्य मिला। यशराज शर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेली। उनके अलावा मोनू शुक्ला ने बेहतरीन पारी खेली।

आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने आखिरी ओवर में 9 रन बनाए- आउटर दिल्ली वॉरियर्स को आखिरी ओवर में 9 रन चाहिए थे। शिवम शर्मा 6 गेंद पर 15 और और सिद्धांत शर्मा 1 रन बनाकर क्रीज पर थे। न्यू दिल्ली टाइगर्स के लिए लक्ष्मण गेंद करने आए। पहली गेंद पर चौका लगा। इसके बाद अगली 4 गेंदों पर 4 रन बने। स्कोर बराबर हो गया। इसके बाद सिद्धांत शर्मा और प्रथम सलुजा रन आउट हो गए।

आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने सुपर ओवर में 20 रन ठोके- सुपर ओवर में आउटर दिल्ली वॉरियर्स के लिए यजस शर्मा और प्रियांश आर्या क्रीज पर उतरे। ऋषभ शर्मा ने पहली गेंद पर यजस शर्मा को पवेलियन भेजा।

इंग्लैंड की टीम से फिर जुड़ना चाहते हैं स्टोक्स

- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लेंगे वापस

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास वापस लेने की संभावनाओं को खारिज कर दिया है। हालांकि, वह इंग्लैंड की टीम के साथ कोच के तौर पर जुड़ना चाहते हैं। 35 साल के स्टोक्स ने जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में अचानक संन्यास का ऐलान कर दिया था। स्टोक्स ने फॉर द लव ऑफ क्रिकेट पॉडकास्ट में जोस बटलर और स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ बातचीत में कहा, 'मैं अभी लेवल तीन की कोचिंग कर रहा हूं, जबकि मैं अभी भी खेल रहा हूं। मैं चाहता हूं कि वह दिन आए जब मैं और नहीं खेलूं तो सबकुछ केवल साइन करके हो जाए। मुझे पता है कि खेल में बने रहने के लिए मुझे क्या करना है, जो कि एक कोच बनना है। क्या मैं इंग्लैंड का कोच बनना चाहूंगा? बिल्कुल। मुझे बस यह आइडिया बहुत पसंद है कि न खेलते हुए भी किसी तरह से लीडरशिप में रहूं।'

रॉब की बोले- वापसी का रास्ता खुला रहेगा

इंग्लैंड टीम के डायरेक्टर रॉब की ने हाल ही में कहा था कि अगले साल एशेज से पहले स्टोक्स के लिए वापसी का रास्ता खुला रहेगा, लेकिन ऑलराउंडर ने साफ कर दिया कि उनका अपना फैसला बदलने का कोई इरादा नहीं है। जब बटलर ने पूछा कि क्या उन्होंने पक्का रिटायरमेंट ले लिया है, तो स्टोक्स ने जवाब दिया, 'बिल्कुल।'

वापसी की संभावनाओं को पहले भी कर चुके हैं खारिज

स्टोक्स 10,000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन और 300 से ज्यादा विकेट के साथ रिटायर हुए। इसमें गैरी सोबर्स और जैक्स कैलिस के बाद 7000 से ज्यादा टेस्ट रन और 200 से ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने का अनोखा रिकॉर्ड भी शामिल है। उन्होंने पहले एशेज के लिए वापसी की संभावनाओं को खारिज कर दिया था, उन्होंने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल को बताया, 'मैं अभी बहुत खुश हूं। यह एक ऐसा फैसला है जिसे मैं हल्के में नहीं लेता। इसमें बहुत समय लगा है। मेरा समय पूरा हो चुका है। मैं बहुत खुश हूं।'

कॉमनवेल्थ गेम्स में पाकिस्तान का 36 साल में सबसे शर्मनाक प्रदर्शन

महिला मुक्केबाज ने बचाई लाज

1990 में नहीं मिला था एक भी मेडल

नई दिल्ली। पाकिस्तान का ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में प्रदर्शन बेहद खराब रहा। एकमात्र ब्रॉन्ज मेडल लेकर पाकिस्तान का दल अपने देश लौटा। पिछले 36 सालों में यह पाकिस्तान का सबसे शर्मनाक प्रदर्शन है। वहीं





खबर यह भी आई कि मुक्केबाज कुदरतुल्लाह के ग्लासगो से रवानगी के वक्त गायब हो गए। यह भी पहला वाकया नहीं है। पिछले साल भी इटली से पाकिस्तान का एक मुक्केबाज इस तरह गायब हो चुका है। यानी ना मेडल और ना ही अनुशासन। पाकिस्तान में खेलों के गिरते स्तर को दिखाता है।

1990 में पाकिस्तान का दल बिना मेडल के भी लौट चुका है। पिछले 36 साल में कॉमनवेल्थ खेलों के इतिहास में यह पाकिस्तान का सबसे शर्मनाक प्रदर्शन है। फातिमा ने इन खेलों में इतिहास रचा और पाकिस्तान के लिए कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने वाली पहली महिला मुक्केबाज बनीं। जबकि ओलंपिक चैंपियन जैवलिन थ्रोअर अरशद नदीम भी पाकिस्तान को मेडल नहीं दिला पाए।

पाकिस्तान का 36 सालों में सबसे शर्मनाक प्रदर्शन- पाकिस्तान के 21 सदस्यीय दल ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में सिर्फ एक मेडल ही जीता है। यह मेडल महिला मुक्केबाज फातिमा जाहरा ने 60 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज जीतते हुए अपने देश के नाम किया। इसके अलावा पाकिस्तान को हर जगह मुंह की खानी पड़ी। यही कारण था कि 1998 कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद यह पाकिस्तान का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। तब पाकिस्तान ने सिर्फ एक सिल्वर मेडल जीता था।

मुक्केबाजों का गायब होना नई बात नहीं- पाकिस्तान के मुक्केबाज कुदरतुल्लाह के गायब होने को लेकर जानकारी पाकिस्तानी चैनल जियो न्यूज के हवाले से सामने आई। पाकिस्तानी चैनल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पाकिस्तान के मुक्केबाजी महासंघ के एक सूत्र ने इस बात की जानकारी दी है कि, कुदरतुल्लाह को आखिरी बार अपने होटल रूम के आसपास रात 2 बजे के करीब देखा गया था।

पाकिस्तानी मुक्केबाज होटल से गायब

पासपोर्ट भी नहीं ले गया साथ

नई दिल्ली। पाकिस्तान मुक्केबाजी महासंघ एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। मुक्केबाज कुदरातुल्लाह ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के बाद टीम होटल से चंपत हो गया। यह पहली बार नहीं है जब पीबीएफ गलत कारणों से सुर्खियों में आया हो। पहले भी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के दौरान मुक्केबाजों के विदेश से भागने की कई घटनायें सामने आई हैं। पाकिस्तान ओलंपिक संघ के करीबी सूत्र ने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों में अपने भारवर्ग में हिस्सा लेने के बाद कुदरातुल्लाह टीम होटल से गायब हो गया। सूत्र ने कहा, 'रोचक बात तो यह है कि पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास होने के बावजूद वह गायब हो गया।' राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान पाकिस्तान के दो मुक्केबाज सुलेमान बलोच और नजीरूल्लाह खान बर्मिंघम में गायब हो गए थे जबकि पासपोर्ट दल प्रमुख के पास थे।

ग्लास्गो में सिर्फ एक पदक जीता पाकिस्तान- विश्व ओलंपिक क्वालिफायर 2024 में एशियाई स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज जोहेब रशीद अपने रूममेट की विदेशी मुद्रा और सामान चुराकर गायब हो गया था।

स्मृति मंधाना-सानिया मिर्जा का जलवा

अब ट्रॉफी-मेडल नहीं, सोशल मीडिया पर ध्यान खींचने की ताकत बना रही सुपरस्टार

नई दिल्ली। खेलों में किसी खिलाड़ी की पहचान कभी उसके मेडल, ट्रॉफियों और रिकॉर्ड से तय होती थी, लेकिन सोशल मीडिया के दौर में यह समीकरण तेजी से बदल रहा है। सोशल मीडिया के दौर में किसी खिलाड़ी की लोकप्रियता का अंदाजा सिर्फ मैदान पर उसके प्रदर्शन से नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में उसके प्रभाव से भी लगाया जाता है। अब डिजिटल दुनिया में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचने की क्षमता भी खिलाड़ियों को सुपरस्टार बना रही है।इंस्टाग्राम आज खिलाड़ियों के लिए प्रशंसकों से जुड़ने का सबसे बड़ा मंच बन चुका है।

- **सेरेना विलियम्स शीर्ष पर-** पूर्व अमेरिकी टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स इस सूची में पहले स्थान पर हैं। सेरेना विलियम्स के इंस्टाग्राम पर 1.78 करोड़ (17.8 मिलियन) फॉलोअर्स हैं। सेरेना विलियम्स ने अपने करियर में 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतकर ओपन एरा की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया।
- **स्मृति मंधाना नंबर 2-** दूसरे स्थान पर भारतीय क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 1.53 करोड़ (15.3 मिलियन) फॉलोअर्स हैं। स्मृति मंधाना दुनिया की बेहतरीन बैटर्स में गिनी जाती हैं। स्मृति मंधाना की सोशल मीडिया पर भी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।
- **अलीशा लेहमन का जलवा-** तीसरे नंबर पर स्विट्जरलैंड की फुटबॉलर अलीशा लेहमन हैं। अलीशा लेहमन के 1.51 करोड़ (15.1 मिलियन) इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं। अलीशा लेहमन दुनिया की सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली महिला फुटबॉलर हैं। वह अपनी ग्लैमरस छवि के कारण भी काफी चर्चा में रहती हैं।
- **सानिया मिर्जा चौथे पर कायम-** भारत की पूर्व टेनिस स्टार सानिया मिर्जा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। सानिया मिर्जा के इंस्टाग्राम पर 1.25 करोड़ (12.5 मिलियन) फॉलोअर्स हैं। सानिया मिर्जा छह ग्रैंड स्लैम डबल्स खिताब जीत चुकी हैं। सानिया मिर्जा कभी दुनिया की नंबर-1 डबल्स खिलाड़ी भी रही हैं।
- **सिमोन बाइल्स 5वें स्थान पर-** अमेरिका की महान जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स पांचवें स्थान पर हैं। सिमोन बाइल्स के 1.18 करोड़ (11.8 मिलियन) फॉलोअर्स हैं। सिमोन बाइल्स 11 ओलंपिक पदकों के साथ इतिहास की सबसे सफल जिम्नास्ट मानी जाती हैं।
- **ओलंपिक चैंपियन छठे नंबर पर-** अमेरिका की फुटबॉल स्टार एलेक्स मॉर्गन 91 लाख (9.1 मिलियन) फॉलोअर्स के साथ छठे स्थान पर हैं। एलेक्स मॉर्गन दो बार फीफा महिला विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रही हैं। एलेक्स मॉर्गन ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक भी जीत चुकी हैं।
- **इलोना के 5.6 मिलियन फॉलोअर्स-** रग्बी खिलाड़ी इलोना माहेर 56 लाख (5.6 मिलियन) फॉलोअर्स के साथ सातवें स्थान पर हैं। इलोना माहेर ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता हैं। इलोना माहेर दुनिया की सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली महिला रग्बी खिलाड़ी हैं।
- **जर्मन रेसर के 5.2 मिलिनय फॉलोअर्स-** जर्मनी की धाविका एलिका श्मिट के 52 लाख (5.2 मिलियन) फॉलोअर्स हैं। 400 मीटर स्पर्धा की विशेषज्ञ एलिका श्मिट ओलंपिक खेलों में जर्मनी रिले टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com